दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///

वर्ष : 13 | अंक : 21 टोंक | मंगलवार,26 अगस्त, 2025| भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-तृतीया संवत्-2082 |भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 2.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# राहत एवं बचाव कार्य जारी, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में जल भराव वाले क्षेत्रों में, राहत टीमें अलर्ट मोड पर

## अब तक 190 लोगों को बचाया, प्रभावितों को 10 हजार से अधिक भोजन पैकेट वितरित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** बीते सप्ताह जिले में लगातार अतिवृष्टि के कारण नदियों, नालों और तालाबों में जल स्तर बढ़ जाने के कारण कुछ स्थानों पर हुई जलभराव और बाढ़ की स्थिति अब तेजी से सामान्य हो रही है। कुछ जगहों पर खेतों और आबादी क्षेत्रों में पानी असामान्य रूप से भरा हुआ है, लेकिन वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। संकटग्रस्त क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है तथा आम लोगों के बहाव अथवा जलजमाव में फंसे होने की सूचना मिलने पर राहत देने के लिए एकदम तत्पर है।

सवाई माधोपुर जिले में जलभराव और अतिवृष्टि से पीड़ित लोगों की परेशानियों की सूचना प्राप्त करने और उनकी मदद के लिए राहत टीमों को पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन 9530314000 एवं कंट्रोल रूम 07462-220602/220201 लगातार सक्रिय हैं। साथ ही, राज्य सरकार के निर्देश पर संकटग्रस्त इलाकों में पीड़ितों को मुआवजा आदि की सहायता देने के लिए मकान, फसल, संपत्ति और आधारभूत संरचनाओं को हुए नुकसान के आकलन के लिए सर्वेक्षण करने के आदेश भी दे दिए हैं।

जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि वर्तमान में बारिश का दौर हल्का पड़ जाने के बाद जिले के सभी प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर में गिरावट आई है। वर्तमान में मुख्य रूप से चम्बल और बनास नदियों के तट क्षेत्रों तथा सूरवाल बांध के प्रवाह क्षेत्र में जड़ावता, अजनोटी, सूरवाल मखोली आदि ग्रामीण इलाकों में पानी का स्तर अब कम हुआ है। आने वाले दिनों में भी जिले में केवल हल्की बरसात का पूर्वानुमान है, जिससे जिलेवासियों को जलभराव के बड़े संकट से राहत रहेगी। हालांकि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सजग है।

### नुकसान के आकलन के सर्वेक्षण के निर्देश

सवाई माधोपुर जिला प्रशासन ने पीड़ितों को त्वरित राहत देने के क्रम में एक अन्य संवेदनशील निर्णय लेते हुए प्रकृति की मार झेल रहे आम लोगों को जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कलक्टर काना राम ने सोमवार को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक में जल भराव और तेज गति से पानी के बहाव से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट के दौरान लोगों के मकानों और फसलों सहित अन्य निजी संपतियों तथा सार्वजनिक आधारभूत संरचनाओं की हानि का जल्द-से-जल्द सर्वे किया जाए। इस कार्य के लिए स्थानीय सर्वेक्षण दलों का गठन कर दिया है और उनको जल्द अपने आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट को त्वरित आधार पर राज्य सरकार को भेजकर मुआवजा वितरण की कार्रवाई की जाएगी, ताकि इस संकट के पीड़ितों को जल्द-से-जल्द राहत दी जा सके।



### अब तक 190 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

जिला कलक्टर के अनुसार, प्रशासन ने तीन दिन पहले भारी बरसात के चलते कुछ स्थानों पर पानी का स्तर बढ़ जाने पर तुरंत सिविल डिफेंस के दलों का प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया तथा राज्य सरकार के जरिए राज्य आपदा राहत बल और राष्ट्रीय आपदा राहत बलों से राहत एवं बचाव कार्यों के सुचारू संचालन की व्यवस्था की गई। बीते 4 दिनों में बौंली के हथडोली, सवाई माधोपुर के धनौली, घुड़ासी, सूरवाल, कुश्तला आदि विभिन्न जगहों से कुल 190 लोगों को बचाव टीमों ने सुरक्षित निकाला है। इसमें सबसे अधिक कार्रवाई सूरवाल बांध क्षेत्र में हुई है। इस इलाके के करीब एक दर्जन गांव संकटग्रस्त है, जिनमें सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर राहत दी गई है।

# नगरपालिका मालपुरा के दो वार्डो का उपचुनाव लगाएगा कामकाज पर मोहर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** नगरपालिका मालपुरा के वार्ड नं. 1 व 4 में होने वाला उपचुनाव पालिका बोर्ड के पांच साल के कामकाज पर मोहर लगाने वाला साबित हो सकता है। नगरपालिका मालपुरा के आम चुनाव वर्ष 2020 में हुए थे। तब भाजपा ने बोर्ड पर कब्जा किया था। इस दौरान भाजपा की सोनिया मनीष सोनी को अध्यक्ष पद का कांटोभरा जात संभलाया गया था। सोनी के चेयरमेन का पदभार संभालते समय प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी। साथ ही सोनी ने कांग्रेस प्रत्याशी एवं तत्समय पालिका चेयरमेन की कुर्सी पर बैठी कांग्रेस की आशा नामा को हराया था। इसके चलते यह सब कांग्रेस को नागवार गुजरा था। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता का लाभ उठाकर सोनी को चेयरमेन का कामकाज करने में भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा था। इन सबके चलते सोनी को कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान दो बार पद से हटाया भी गया था। इसके अलावा पालिका बोर्ड में भाजपा बोर्ड होने के बावजूद पालिका के कुछ पार्षद सोनी से शुरू से ही नाराजगी लेकर चले। इस तरह पालिका बोर्ड के पिछले पांच साल का कार्यकाल कुछ नाराजगी दूर करने, पद से हटने के बाद वापस पर आने की जुगत में ही पूरा होने जा रहा है। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार बनी तब भी चेयरमेन की मुश्किले कम नहीं हुई। इसका क्या कारण रहा यह मालपुरा की जनता सब जानती है। इसी दौरान पालिका के वार्ड ×1 व ×4 दोनो वार्ड पार्षदो के त्यागपत्र के कारण खोली हो गए। जिला निर्वाचन अधिकारी की सूचना के बाद निर्वाचन विभाग ने पालिका के दोनो वार्डो को रिक्त मानकर नए चुनावो की धोषणा कर दी। धोषित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को उप चुनावो के लिए नामाकंन का अन्तिम दिन था। अन्तिम दिन भाजपा की ओर से वार्ड नं. ×1 के लिए राजेश मेघवंशी व वार्ड ×4 के लिए भाजपा से पूजा लोदी व कांग्रेस से अभितिज वर्मा का नामाकंन भरा गया। यह सर्वविदित है कि इन उप चुनावो में जीतने वाला पार्षद केवल दो माह के लिए पार्षद होगा क्योंकि संभवत: इस साल के अंत तक नगरपालिका मालपुरा के आम चुनाव हो सकते हैं। लेकिन शहरवासियो का मानना है कि पालिका के दो वार्डो का उपचुनाव विशेषकर पालिका बोर्ड के पांच साल के कामकाज पर मोहर लगाने वाला साबित हो सकता है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार × सितम्बर को मतदान व 4 सितम्बर को परिणाम जारी किए जाएगें। इसमें वार्ड नं. ×1 में 697 तथा वार्ड नं. ×4 में 4×5 मतदाता है। राजनेतिक दृष्टि से ये दोनो वार्डो में अधिक भाजपा समर्थक मतदाता निवास करते हैं। लेकिन गत साल के कामकाज से मालपुरा का एक भी मतदाता संतुष्ट नजर नहीं आ रहा है। इसके चलते परिणाम क्या होगा यह तो 4 सितम्बर को परिणाम जारी होने के बाद ही पता चल सकेगा। लेकिन यह तय है कि पालिका के दो वार्डो का उपचुनाव पालिका बोर्ड के कामकाज पर मोहर लगाने वाला साबित हो सकता है।

# किसान महापंचायत ने बारिश से फ़सल खराबे गिरदावरी की मांग



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( का.स. )।** किसान महापंचायत किसानो की मदद के लिए हमेशा तत्पर गांवो का किया दौरा किसानो की पूछी कुशल सेम अधिक से अधिक फसल गिरदावरी कराने को कहा ब्लॉक अध्यक्ष किसान महापंचायत दशरथ सिंह चौहान एवं किसान महापंचायत प्रतिनिधि मंडल ने अतिवृष्टि के कारण हुए किसानों के नुकसान एवं उनकी मदद के लिए निवाई क्षेत्र के गांवो का दौरा किया जा रहा है । किसानों को अधिक से अधिक अपनी फसल की गिरदावरी करवानी चाहिए और अपने जान एवं पशुओं की सुरक्षा करनी चाहिए ऐसे स्थान पर ना जाएं जहां पर खतरा हो किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया अपने क्षेत्र की कोई भी समस्या हो उसे तत्काल प्रशासन को अवगत करावे। किसान महापंचायत द्वारा ग्राम पंचायत सैदरिया चैनपुरा दहलोद ललवाड़ी श्री रामपुरा के गांवो का दौरा किया गया इस अवसर पर किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान ब्लाक महासचिव गोविंद चौधरी शंकर लाल मीणा मुंडिया लक्ष्मण मीणा जामडोली राजाराम चौधरी पहाड़ी ब्लाक कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी मडू लाल मीणा देवराज गुर्जर मुकेश दोई सोजी लाल बेरवा आदि उपस्थित थे ।

# ककोड़ में पेयजल समस्या से गुस्साएं ग्रामीण जा चढ़े पानी की टंकी पर

**टोंक ( का.स. )।** बीसलपुर पेयजल योजना से मिलने वाले पानी की आपूर्ति ककोड़ कस्बें में दो माह से चरमरा रही है जिससे ग्रामीण पेयजल समस्या से जूझ रहे है। पेयजल किल्लत से आक्रोशित लोग सोमवार को पानी की टंकी के पास एकत्र हो गए तथा जलदाय विभाग की टंकी में बीसलपुर पाईप लाईन का पानी नहीं पहुंचने से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं होने का आरोप लगाते हुए प्रर्दशन करके पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। कुछ ग्रामीणों ने जलदाय विभाग की टंकी के ऊपर चढ़ करके नारेबाजी की साथ ही प्रदर्शन किया। जिसकी इतला के बाद ककोड़ ग्राम पंचायत प्रशासक रामबिलास गुर्जर वहां पहुंचे एवं महिलाओं और ग्रामीणों से समझाईश की जिन्होंने उपखंड अधिकारी उनियारा शत्रुध्न गुर्जर सहित उच्चाधिकारियों से बात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बीसलपुर परियोजना के अधिकारियों द्वारा जानबूझकर ककोड़ ग्राम की पाईप लाईन का वाल बंद करने से टंकी मे पानी नहीं पहुंच पा रहा हैं। सूचना के लगभग दो घंटे के बाद बीसलपुर परियोजना के अस्थायी कर्मचारी पहुचे और पाईप लाईन में हो रही बेल्डिंग को तोड़ा साथ ही वाल की 22 चूड़ियाँ मे से एक ही चूड़ी खुली हुई थी।जिसको प्रशासक द्वारा आधा खुलवाया गया ।

# जिला कलक्टर ने दिए आपदा प्रबंधन के सख्त निर्देश प्रभावित क्षेत्रों में राहत-बचाव कार्य तेज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में हाल ही में हुई मूसलाधार वर्षा से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। आपदा की स्थिति को देखते हुए जिला कलक्टर काना राम ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलक्टर ने कहा कि किसानों की वास्तविक गिरदावरी कर फसल खराबे का सर्वे शीघ्र पूर्ण कर प्रभावित किसानों को सहायता राशि के प्रस्ताव भिजवाए जाए। साथ ही समस्त उपखण्ड अधिकारियों को आपदा कमेटी गठित कर आपदा के कारण क्षतिग्रस्त भौतिक सम्पत्तियों एवं पशुधन का सर्वे तत्काल करवाकर दो दिन के भीतर कलेक्ट्रेट कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायतीराज, नेशनल हाईवे एवं आरएसआरडी को सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कर आवागमन सुचारू करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत खम्भों की मरम्मत, ढीले तारों को कसवाकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता



बी.एल. मीना ने बताया कि शहरी क्षेत्र में शत-प्रतिशत विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कलक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को जलापूर्ति की टूटी हुई लाइनों की मरम्मत और लीकेज ठीक करने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित है वहां टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने डब्ल्यूआरडी विभाग को सभी बांधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा चम्बल और बनास नदी के जलस्तर की समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जड़ावता गांव सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर काना राम, अतिरिक्त जिला कलक्टर गंगापुर सिटी रामकिशोर मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार कस्वा, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले को टीबी की बीमारी से मुक्त करने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा-जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम एवं चिकित्सा विभाग की आमजन को प्रदान की जा रही योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले को टीबी की बीमारी से मुक्त करने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा। विभाग टीबी की निशुल्क जांच ओर पोषण को लेकर एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। साथ ही जन भागीदारी से निक्षय मित्र बनाकर टीबी रोगियों को पोषण किट उपलब्ध कराएं। निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र जैसी पहल से टीबी का इलाज और बेहतर हुआ है। रोगियों एवं उनके पास रहने वाले लोगों की समय पर स्क्रीनिंग ओर इलाज का पूरा कोर्स लेना बेहद जरुरी है, तभी हम टीबी को हरा पाऐंगे। जिला कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं कार्यो की समीक्षा कर सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी को जिले में अत्यधिक बारिश को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना की ब्लॉकवार जानकारी लेते हुए सभी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, परिवार कल्याण, संस्थागत प्रसव, सम्पूर्ण टीकारण, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजनाओं की समीक्षा कर कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों को बेहतर प्रगति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के पोर्टल पर किये गये कार्य की अपडेट स्थिति का डाटा अवश्य दर्ज करें। बैठक में आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड़, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मिश्रल, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. चेतन कुमार जैन समेत सभी ब्लॉक बीसीएमओ एवं जिले में चयनित नये चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहें।

# गलवा बांध पर चली 6 फीट की चादर, कई गांव बने टापू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** टोंक जिले में हो रही लगातार बारिश के चलते सवाईमाधोपुर जिले की चौथकाबरवाड़ा तहसील के कई गांवों की स्थिति बिगड़ गई है। गलवा नदी के आसपास के गांव में नदी का पानी घुस जाने के कारण बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। कई स्थान पर तो दो दिन से लोग घरों की छतों पर कैद है।

लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ खाने की समस्या भी पैदा हो गई है। इसके साथ ही बनास नदी में लगातार पानी बढ़ने के कारण तीन दिनों से चौथ का बरवाड़ा शिवाड़ वाया जयपुर मार्ग बंद है। जिसके कारण हजारों लोग परेशान हो रहे हैं।

उपखंड क्षेत्र में दो दिनों में 300 एमएम बारिश के करीब दर्ज हो चुकी है। इससे अब लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सड़क मार्ग से लेकर रेल यातायात तक प्रभावित हुआ है। गलवा बांध में पहली बार 6 फीट से अधिक की चादर चलने के कारण पांवड़ेरा गांव टापू बन चुका है। इसके साथ ही जगमोदा, बांसला आदि गांवों में पानी भर जाने के तथा कई कच्चे मकान ढह जाने के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है। इधर, तहसीलदार भगवती



लाल जैन ने गांवों का दौरा कर पानी की स्थिति का जायजा लिया। तहसीलदार ने बताया कि गलवा बांध की चादर चलने के कारण पांवडेरा सहित जगमोदा, बांसला आदि गांवों के घरों में पानी घुस गया है। हालांकि जनहानि नहीं हुई है।

**कुण्डेरा मार्ग पानी-पानी**

तेज बारिश के कारण रणथम्भौर की कुण्डेरा रेंज कार्यालय में पानी भरने से वनकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वन विभाग के कार्यालय परिसर में पानी भरने के कारण रेंज कार्यालय में खड़े वाहन पानी में डूब गए।

वहीं, कुण्डेरा चौकी के पास होटलों के निर्माण के कारण पानी की निकासी का मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध होने के कारण सड़क दरिया में तब्दील हो गई है। लोगों का आरोप है कि यहां पर वन विभाग और जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण पानी की निकासी मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध है और बारिश का पानी सड़क पर भर रहा है।

# श्री अन्नपूर्णा गणेश महोत्सव के तहत विशाल भजन संध्या आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** श्री अन्नपूर्णा गणेश जी महाराज, अन्नपूर्णा डूंगरी टोंक में मंगलवार को श्री गणेश महोत्सव के तहत विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी। आनंदम संस्था टोंक के अध्यक्ष भगवानदास गुर्जर ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति श्री गणेश चतुर्थी को आयोजित श्री गणेश महोत्सव के तहत श्री आनंदम संस्था टोंक की तरफ से मंगलवार की रात्रि 8बजे से भजन संध्या आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में चित्तौड़गढ़ के गायक कलाकार शंकर लखवा,ममता चौधरी भजनों की प्रस्तुति देंगी।साथ ही सुरेश राव नृत्य कलाकार होंगे। वहीं सलमान भाई तबला वादक,मुकेश सेनी,प्रदीप तारण म्यूजिक टीम में शामिल होंगे। महामंत्री राजेश मूमिया ने बताया कि भजन संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी होंगे।

# भारी वर्षा के बीच बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु जल संसाधन विभाग अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के चलते उत्पन्न बाढ़ जैसे हालात से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग अलर्ट मोड पर सक्रिय दिखाई दिया। राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को जिले के प्रमुख बांधों का निरीक्षण कर स्थायी समाधान के विकल्पों पर चर्चा की, वहीं स्थानीय अधिकारियों ने जडावता गांव में नहर के पानी को डायवर्ट कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई।

जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियंता जल संसाधन राजस्थान भुवन भास्कर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर डी.एस. बेनीवाल एवं एसई डब्ल्यूआरडी जयपुर आर.एस. शर्मा ने खंडार क्षेत्र स्थित मानसरोवर बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओवरफ्लो के कारण बोदल पुलिया की ओर जा रहे जल बहाव की समस्या का स्थायी समाधान तलाशने एवं इसके वैकल्पिक रास्तों पर विचार-विमर्श किया गया।इसके बाद टीम ने सूरवाल बांध का दौरा कर ओगाल क्षेत्र से हो रहे ओवरफ्लो की स्थिति का जायजा लिया। बांध के पानी को स्थायी रूप से बनास नदी में ले जाने हेतु परियोजना के रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने दोनों बांधों की वर्तमान स्थिति का गहन निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर अधिशाषी अभियंता अरुण शर्मा स्वयं रविवार देर रात तक जडावता गांव की माइनर नहर पर डटे रहे। उनकी टीम ने नहर के कटाव को रोकने हेतु माइनर पर खेतों में मिट्टी से भरे कट्टे डलवाए और बहाव का रुख मोड़ने के प्रयास किए ।

## सम्पादकीय

# मोदी या ट्रंप... कौन रुकवायेगा रूस-यूक्रेन युद्ध? अमेरिकी शोर पर भारी पड़ेगी भारत की शांत कूटनीति

युद्ध से थकी हुई यूरोप की राजनीति, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय तनाव यह संकेत दे रहे हैं कि अब रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की खोज बहुत जरूरी हो गयी है। इस बीच दो घटनाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। पहली, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात और दूसरी, भारत-यूक्रेन तथा भारत-रूस के बीच ऊँचे स्तर का बढ़ता कूटनीतिक संवाद, जिसमें राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति जेलेंस्की की संभावित भारत यात्रा सबसे अहम है।

यह भी महज़ संयोग नहीं है कि पुतिन ने ट्रंप से मुलाकात के पहले और बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके तुरंत बाद जेलेंस्की ने भी मोदी से वार्ता की। इस साल के अंत में पुतिन भारत आने वाले हैं और उससे पहले जेलेंस्की भी भारत आ सकते हैं। यही नहीं, मोदी-पुतिन मुलाकात जल्द ही चीन में होने वाले एससीओ सम्मेलन में होगी तो दूसरी ओर सितंबर में न्यूयॉर्क में मोदी-जेलेंस्की मुलाकात होने की भी पूरी-पूरी संभावना है। साफ़ है कि कूटनीति के मौन गलियारों में भारत एक ऐसा ध्रुव बन चुका है, जिसके इर्द-गिर्द युद्धविराम की संभावनाएँ गढ़ी जा रही हैं।

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी शैली के अनुरूप मीडिया के सामने रोज़ यह दावा करते हैं कि वह युद्ध समाप्त करवा सकते हैं। लेकिन उनका यह दृष्टिकोण ज़्यादातर चुनावी और जनमत-निर्माण की राजनीति से जुड़ा है। इसके विपरीत, नरेंद्र मोदी का रुख़ ज्यादा व्यावहारिक और संतुलित है। वह रूस और यूक्रेन, दोनों से गहन संवाद बनाए हुए हैं और यह युद्ध का युग नहीं है की अपनी उद्घोषणा को अब ठोस प्रयासों से सार्थक बना रहे हैं। भारत की यह भूमिका ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। हम आपको याद दिला दें कि शीतयुद्ध के दौर में भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन के जरिये वैश्विक तनाव को संतुलित करने का प्रयास किया था। आज, वही भूमिका भारत एक जिम्मेदार शक्ति की तरह निभा रहा है। पश्चिम को यह स्पष्ट हो रहा है कि ट्रंप की घोषणाओं से अधिक असरदार है मोदी की शांत डिप्लोमेसी, जो न तो शोर मचाती है और न ही श्रेय लेने की होड़ में रहती है। देखा जाये तो अंतरराष्ट्रीय राजनीति में असली कूटनीति अक्सर सुर्ख़ियों के पीछे घटित होती है। रूस और यूक्रेन दोनों के साथ समान स्तर पर संवाद बनाए रखने की भारत की क्षमता इस बात का प्रमाण है कि नई दिल्ली न केवल इस युद्ध के समाधान की कुंजी रखती है, बल्कि एक नई विश्व व्यवस्था के निर्माण में भी केंद्रीय भूमिका निभा सकती है। इसके अलावा, जहाँ ट्रंप युद्ध समाप्त करवाने के लिए कभी वार्ता तो कभी धमकी देने तथा कभी पेनल्टी के रूप में टैरिफ बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं वहीं मोदी चुपचाप रूस-यूक्रेन युद्ध के समापन की वास्तविक ज़मीन तैयार कर रहे हैं। ट्रंप की भूमिका को देखें तो अमेरिका ऐतिहासिक रूप से यूक्रेन का सबसे बड़ा समर्थक रहा है। आर्थिक मदद, हथियार आपूर्ति और कूटनीतिक समर्थन तीनों ही स्तरों पर अमेरिका यूक्रेन की मदद कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद रूस से नज़दीकी साधने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका की आंतरिक राजनीति और नाटो की सुरक्षा प्रतिबद्धताओं के कारण वह रूस और यूक्रेन के बीच निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं। आज भी ट्रंप के प्रयास सीमित हैं क्योंकि अमेरिका का घोषित रुख रूस के प्रति शत्रुतापूर्ण है। इसके अलावा, नाटो की रणनीतिक अनिवार्यता ट्रंप को संतुलित मध्यस्थ नहीं रहने देती। इसके अलावा, पुतिन पर अमेरिकी प्रतिबंध और सैन्य दबाव किसी भी विश्वसनीय संवाद की संभावना को कमज़ोर करते हैं। दूसरी ओर, भारत का रुख शुरुआत से ही अलग रहा है। मोदी ने न युद्ध का समर्थन किया, न किसी पक्ष का खुला विरोध किया। भारत ने बार-बार संवाद और कूटनीति की वकालत की है। इससे मोदी की स्थिति विशिष्ट बनती है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 26 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 में चित्तौड़गढ़ पर क़ब्ज़ा किया।
- तुर्की के सुलतान सुलेमान ने 1541 में बुडा और हंगरी को अपने कब्जे में किया।
- बंगाल के क्रांतिकारियों ने 1914 को कलकत्ता में ब्रिटिस बेडे पर हमला कर 50 माउजर और 46 हजार राउंड गोलियां लूटी।
- अमरीका में महिलाओं को 1920 में मताधिकार मिला।
- जर्मनी के शहर म्यू निख में 20 वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत 1977 को हुई।
- जॉन पॉल रोमन कैथोलिक चर्च के पोप 1978 में बने।
- नासा ने 1982 में टेलीसेट-एफ का प्रक्षेपण किया।
- म्यांमार अहिंसावादी नेता आंग सान सू ची मोर्चा लेकर 1988 में रंगून पहुंचीं।
- माइकल जॉनसन ने 1999 में 400 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।
- बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री 2001 में जेल भेजे गए।
- दक्षिण अफरीका के जोहानिसबर्ग शहर में दस दिवसीय पृथ्वी सम्मेलन 2002 में शुरू हुआ।
- पाक-अफगान सीमा पर अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना ने 2007 में 12 तालिबानियों को मार गिराया।
- तेलगु फिल्मों के सुपर स्टार चिरंजीवी ने 2008 में अपनी नई पार्टी प्रजा राज्यम का उद्घाटन किया।
- फिलीपींन्स में 2013 को विकास सहायता कोष घोटाले को लेकर विरोध प्रदर्शन।
- अमेरिका के वर्जीनिया में 2015 को दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### 26 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट वालपोल का जन्म 26 अगस्त 1676 को हुआ था।
- हिन्दी साहित्य के एक महान् उपन्यासकार चतुरसेन शास्त्री का जन्म 26 अगस्त 1891 को हुआ था।
- भारत रत्न सम्मानित मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त 1910 को हुआ था।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतन्त्रता सेनानी बंसीलाल का जन्म 26 अगस्त 1927 को हुआ था।
- हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक और समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म 1928 को हुआ था।
- प्रसिद्ध राजनेत्री, संजय गाँधी की पत्नी मेनका गाँधी का जन्म 26 अगस्त 1956 को हुआ था।
- प्रसिद्ध साहित्यकार गीत, ग़ज़ल दिनेश रघुवंशी का जन्म 26 अगस्त 1964 को हुआ था।
- भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध सहायक अभिनेता इंद्र कुमार का जन्म 26 अगस्त 1972 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# कॉंग्रेस की 'खटाखट' लुभावनी योजनाओं का असर कर्नाटक कर्ज में डूबा



रामस्वरूप रावतसरे

कर्नाटक की आर्थिक हालत दो साल में बिगड़ गई है। साल 2023 में भाजपा सरकार के समय सरप्लस बजट था, लेकिन अब कॉन्ग्रेस के राज में राज्य कर्ज में डूब रहा है, वित्तीय घाटा बढ़ रहा है और विकास परियोजनाओं के लिए पैसा कम हो रहा है।

कम्पट्रोलर और ऑडिटर जनरल (सीएजी) ने 31 मार्च 2024 के लिए अपनी हालिया स्टेट फाइनेंस ऑडिट रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि कॉन्ग्रेस सरकार की पाँच 'गारंटी' योजनाएँ, जो बड़े धूमधाम से शुरू की गई थीं, राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डाल रही हैं। इस हफ्ते कर्नाटक विधानसभा में पेश की गई सीएजी रिपोर्ट में कॉन्ग्रेस सरकार की पाँच कल्याणकारी योजनाओं गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति, अन्न भाग्य, शक्ति, और युवा निधि के प्रभाव का पहला सरकारी ऑडिट किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन गारंटी योजनाओं के लिए 2023-24 में 36,538 करोड़ रुपए का बजट रखा गया था, जो राज्य के कुल राजस्व खर्च का 15 प्रतिशत है। इसका असर साफ दिख रहा है। पिछले साल कर्नाटक की आय में सिर्फ 1.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि इन योजनाओं की वजह से खर्च 12.54 प्रतिशत बढ़ गया। इस असंतुलन से राज्य को 9,271 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा हुआ, जो 2022-23 में कोविड-19 के बाद की रिकवरी को उलट रहा है। राज्य का वित्तीय घाटा भी 2022-23 में 46,623 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 में 65,522 करोड़ रुपए हो गया। इस अंतर को भरने के लिए सरकार ने बाजार से 63,000 करोड़ रुपए उधार लिए, जो पिछले साल के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा है। सीएजी ने चेतावनी दी है कि इससे भविष्य में कर्ज चुकाने का बोझ और ब्याज का खर्च बढ़ेगा। दूसरी तरफ बुनियादी ढाँचे पर पूँजीगत खर्च 5,229 करोड़ रुपए कम हो गया बताया जा रहा है। इससे ज्यादातर प्रोजेक्ट रुक गए हैं और अधूरे कामों की संख्या 68 प्रतिशत बढ़ गई है। सीएजी ने साफ कहा कि इस तरह की उत्पादक पूँजी में कटौती कर्नाटक के भविष्य के विकास को नुकसान पहुँचाएगी। कॉन्ग्रेस सरकार का दावा है कि ये योजनाएँ असमानता कम करती हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती हैं और मानव पूँजी विकास को बढ़ावा देती हैं। लेकिन सीएजी ने चेताया कि अगर दूसरी सब्सिडी को कम या तर्कसंगत नहीं किया गया, तो ये गारंटी योजनाएँ 'राज्य की वित्तीय अर्थव्यवस्था पर दबाव डालेंगी।' इन योजनाओं के शुरू होने के बाद कर्नाटक स्थिरता से कर्ज और वित्तीय तनाव की स्थिति में पहुँच गया है। जानकारों के अनुसार वर्तमान स्थिति फरवरी 2023 के बिल्कुल उलट है, जब भाजपा के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सरप्लस बजट पेश किया था। कई लोगों को उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव के चलते भाजपा लोकलुभावन वादों के साथ बड़ा दाँव खेलेगी। लेकिन बोम्मई सरकार ने लोकलुभावन घोषणाओं को वित्तीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित कर सबको चौंका दिया। बजट में हर विभाग को ध्यान में रखा गया, बिना राज्य के वित्त को नुकसान पहुँचाए। किसानों, युवाओं और महिलाओं को योजनाओं का केंद्र बनाया गया। कृषि को भारी आवंटन मिला और किसानों के लिए ब्याज-मुक्त ऋण की सीमा बढ़ाई गई। जैसा कि उम्मीद थी, कोई नया कर नहीं लगाया गया और शराब की कीमतों को भी नहीं छुआ गया।

विपक्ष ने दावा किया कि बोम्मई और ज्यादा लोकलुभावन पहल कर सकते थे, खासकर कॉन्ग्रेस के मुफ्त बिजली और नकद पुरस्कारों की आक्रामक गारंटी के सामने। फिर भी दबाव के बावजूद भाजपा सरकार ने लोगों के लिए केंद्रित और वित्तीय रूप से समझदार बजट पेश किया। उस साल राज्य को राजस्व सरप्लस भी मिला। यह नाज़ुक संतुलन अब मौजूदा आँकड़ों से साफ तौर पर उजागर हो रहा है।

2023 में कॉन्ग्रेस के सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कर्नाटक सरकार ने अपनी पाँच गारंटी योजनाएँ शुरू कीं। ये योजनाएँ कॉन्ग्रेस के चुनाव अभियान का आधार थीं और माना जाता है कि इनकी वजह से पार्टी को भारी जीत मिली। लेकिन अब इनका अर्थव्यवस्था पर खर्च साफ दिख रहा है। कॉन्ग्रेस के सत्ता में आने के दो महीने बाद जुलाई 2024 में सिद्धारमैया के आर्थिक सलाहकार बसवराज रायरेड्डी ने स्वीकार किया कि इन गारंटी योजनाओं के लिए भारी राशि रखने की वजह से विकास परियोजनाओं के लिए पैसा नहीं बचा है। उन्होंने खुलासा किया था कि इन योजनाओं पर करीब 65,000 करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है। रायरेड्डी ने कहा लोग विकास चाहते हैं। लेकिन मुझ पर विश्वास करें, बिल्कुल भी पैसा नहीं है। चूँकि मैं वित्तीय सलाहकार हूँ, मैंने यहाँ झील विकास परियोजना के लिए फंड जुटाया। भाजपा विधायक रमेश जारकिहोली ने कॉन्ग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह बेंगलुरु पर ही बचे हुए थोड़े पैसे खर्च कर रही है और बाकी राज्य को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय शुरू हुईं अधिकांश परियोजनाएँ जैसे कि अथानी में बसवेश्वर और अम्माजेश्वरी सिंचाई परियोजनाएँ पूरी तरह ठप हो गई हैं। कॉन्ग्रेस की मुफ्त योजनाओं ने पार्टी के अंदर भी तनाव पैदा किया है। कुछ कॉन्ग्रेस नेता दावा करते हैं कि इन योजनाओं से अपेक्षित चुनावी फायदा नहीं मिला और इतने भारी खर्च की कीमत सही थी या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं। वरिष्ठ कॉन्ग्रेस नेताओं ने कई बार वित्तीय तनाव को स्वीकार किया है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जुलाई 2023 में माना कि पार्टी की गारंटी के लिए 40,000 करोड़ रुपए अलग रखने की वजह से विकास के लिए फंड जुटाना मुश्किल हो रहा है।

जानकारों के अनुसार कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने 24 जून, 2025 को खुले तौर पर कहा कि वित्त मंत्रालय भी संभालने वाले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पास बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त फंड नहीं है। परमेश्वर के मुताबिक, कॉन्ग्रेस सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं पर भारी खर्च किया है, जिसके चलते नए पूंजीगत परियोजनाओं के लिए बजट में बहुत कम जगह बची है। इससे पहले, कर्नाटक के लघु-स्तरीय उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री शरणबसप्पा दर्शनपुर ने कहा था कि कॉन्ग्रेस सरकार के पहले साल में बुनियादी ढाँचे का विकास कुछ हद तक प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि यह सिद्धारमैया सरकार की गारंटी योजनाओं की वजह से होगा। मंत्री ने बताया कि इन गारंटी योजनाओं से खजाने पर 40,000 करोड़ से 50,000 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ पड़ेगा। इससे विकास कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हो सकते हैं। सीएजी रिपोर्ट्स के मुताबिक, कॉन्ग्रेस सरकार ने 'गृहलक्ष्मी' योजना के लिए 7,881.91 करोड़ रुपए, 'भाग्यलक्ष्मी' योजना के लिए 70.28 करोड़ रुपए, 'गृहज्योति' योजना के लिए 2,585.93 करोड़ रुपए, 'अन्नभाग्य' योजना के लिए 448.15 करोड़ रुपए, 'अन्नभाग्य' के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिए 2,187 करोड़ रुपए, 'शक्ति' योजना के लिए 1,451.45 करोड़ रुपए और 'युवा निधि' योजना के लिए 175.50 करोड़ रुपए एससीएसपी - टीएसपी से उपयोग करने का फैसला किया है।

# छात्र किस दिशा में जा रहे हैं?

**आज शिक्षा केवल अंक और नौकरी तक सीमित हो गई है। नैतिक मूल्य और संस्कार बच्चों की प्राथमिकता से गायब होते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप शिक्षक-छात्र संबंधों में खटास बढ़ रही है और अनुशासनहीनता सामने आ रही है। यदि परिवार, समाज, शिक्षक और प्रशासन मिलकर सही कदम नहीं उठाएँगे तो आने वाली पीढ़ी गलत दिशा में बढ़ सकती है। शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और जीवन-मूल्य का आधार बनाना होगा, तभी हम कह पाएंगे कि हमारे छात्र सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।**



प्रियंका सौरभ

समाज का दर्पण कहलाने वाला विद्यालय आज एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। जहाँ पहले शिक्षा का अर्थ केवल ज्ञान नहीं बल्कि संस्कार, अनुशासन और नैतिकता था, वहीं अब कुछ घटनाएँ यह सोचने पर मजबूर कर रही हैं कि हमारे छात्र आखिर किस दिशा में जा रहे हैं। हाल ही में हरियाणा के भिवानी जिले के ढाणा लाडनपुर गाँव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई घटना, जहाँ एक छात्र ने अपने ही शिक्षक पर हमला कर दिया, यह सवाल और गंभीर हो जाता है। यह घटना सिर्फ एक शिक्षक और एक छात्र के बीच का विवाद नहीं बल्कि पूरे शिक्षा-तंत्र और समाज के लिए चेतावनी है।

भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी उच्च स्थान दिया गया है – गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः। लेकिन आज की वास्तविकता यह है कि कई जगहों पर शिक्षक-छात्र संबंधों में खटास बढ़ती जा रही है। पहले शिक्षक की डांट को भी विद्यार्थी प्यार और मार्गदर्शन मानते थे, आज वही डांट अपमान या प्रताड़ना लगती है। मोबाइल और इंटरनेट ने छात्रों को स्वतंत्रता तो दी है, लेकिन साथ ही उनमें अहंकार और अनुशासनहीनता भी बढ़ाई है। किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व की नींव घर पर रखी जाती है। अगर घर में अनुशासन, संस्कार और मर्यादा का माहौल होगा तो बच्चा वही सीखेगा। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में माता-पिता बच्चों को समय नहीं दे पा रहे। टेलीविज़न, मोबाइल और सोशल मीडिया बच्चों के 'गुरु' बन गए हैं। नशे और हिंसा जैसी प्रवृत्तियों तक छात्रों की पहुँच आसान हो चुकी है। नतीजा यह कि जब शिक्षक बच्चे को सही राह दिखाने की कोशिश करता है, तो छात्र उसे रोक-टोक या बंधन मानकर विद्रोह कर बैठता है।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली का सबसे बड़ा संकट यह है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी और अंक तक सीमित रह गया है। नैतिक शिक्षा, जीवन मूल्य और चरित्र निर्माण पर जोर लगभग समाप्त हो गया है। बच्चों को 'क्या बनना है' यह तो सिखाया जा रहा है, लेकिन 'कैसा इंसान बनना है' यह कहीं खो गया है। प्रतियोगिता की दौड़ में छात्रों पर दबाव इतना बढ़ गया है कि उनमें सहनशीलता और धैर्य की जगह अधीरता और आक्रामकता ने ले ली है। एक छात्र का अपने शिक्षक पर हमला करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि यह पूरी शिक्षा प्रणाली और समाज के लिए शर्मनाक है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। शिक्षक छात्रों को अनुशासित करने से कतराएँगे, विद्यालय की गरिमा को आघात पहुँचेगा और समाज में गलत संदेश जाएगा कि यदि छात्र ही शिक्षक का आदर नहीं करेंगे तो समाज में वरिष्ठों और बड़ों के प्रति सम्मान कैसे बना रहेगा। इस तरह की घटनाएँ केवल विद्यालय स्तर की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह कानून-व्यवस्था से भी जुड़ी हैं। ऐसे मामलों में तुरंत और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि छात्र और अभिभावक दोनों यह समझें कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे बच्चों के पुनर्वास और परामर्श की भी व्यवस्था हो।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



सुरेन्द्र कुमार (डिप्टी एसपी राज. पुलिस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी सुरेन्द्र कुमार जी। जोकि आज कल पीटीएस में अपनी सेवाए दे रहे हैं। जन्म 1973 को जन्में सुरेन्द्र कुमार की शिक्षा महाराजा कॉलेज जयपुर से हुई है। 1999 में सब इंस्पेक्टर के रूप में राजस्थान पुलिस के बेड़े में शमिल हुए प्रशिक्षण के बाद कई थानों में रहकर शानदार कार्य किया। एस आई जयपुर शहर के रूप में पोस्टिंग हुई उसके बाद कई थानों में एसएचओ रहे। पुलिस के स्लोगन आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय को साकार किया। बतौर पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोशन होने के बाद महवा थानाधिकारी, सिकेरा थानाधिकारी, मानपुर थानाधिकारी, जमवा रामगढ थानाधिकारी, कठूमर थानाधिकारी, रामगढ़ थानाधिकारी, मानपुर थानाधिकारी, भिवाड़ी फेस थ्री थानाधिकारी, तिजारा थानाधिकारी, नीमराना थानाधिकारी, टपूकड़ा थानाधिकारी, रामगढ़ थानाधिकारी, शाहपुरा थानाधिकारी, किशनगढ़ रेनवाल थानाधिकारी और डीएसपी पद पर प्रमोट होकर आज पीटीएस सीओ के रूप में अपनी सेवाए दे रहे हैं। मुझे आज भी याद है इनके कार्यकाल में जब अलवर एसपी विकास कुमार थे उस समय तसई कठूमर में दबिश दी थी और 75 असामाजिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सुरेन्द्र जी मजबूत पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। अपने उच्चाधिकारी के आदेश पर खाकी का जलवा दिखाने वाले शानदार पुलिस अधिकारी हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम आपके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

**-रूपक शर्मा**

## Today — बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | 8 | | 5 | 4 | | |
| | | | 6 | 3 | | 5 | 2 | 8 |
| 6 | 5 | | | 2 | 1 | | 7 | |
| 7 | 1 | 3 | | | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 8 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 1 | 5 | 2 | | | |
| | | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | | |
| | | | 5 | | 6 | 3 | | 2 |
| 8 | | 6 | | 1 | 9 | | | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। मायके से अच्छे समाचार

**वृष**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**कर्क**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे।

**सिंह**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। आज आप अपना

**कन्या**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

**तुला**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृश्चिक**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

**धनु**
किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**मकर**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

**कुंभ**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। साथी कर्मचारी

**मीन**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जारी किये सख्त निर्देश

## जिले में वर्षाजनित परिस्थितियों को लेकर सतर्क रहने के निर्देश

- विद्यालय एवं आंगनबाड़ी भवनों में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए किया निर्देशित
- जलभराव एवं मिट्टी कटाव होने की स्थिति में की जाए तत्काल कार्यवाही
- विद्यार्थियों के घोषित अवकाश के दौरान ही सुनिश्चित करनी होगी आवश्यक कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जिला प्रशासन विगत दिनों में हुई बारिश के चलते बने हालातों को लेकर बेहद गंभीर है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में वर्षाजनित परिस्थितियों को लेकर सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया है। जिला कलक्टर ने एक आदेश जारी कर विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों सहित तमाम राजकीय भवनों में जलभराव एवं मिट्टी के कटाव होने की स्थिति में तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को सोमवार एवं मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए घोषित अवकाश के दौरान जलभराव, मिट्टी कटाव से प्रभावित भवनों में ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय, भामाशाहों अथवा विभागीय मद से जल निकासी एवं मिट्टी भराव के कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही, जर्जर भवनों एवं दीवारों की स्थिति का आकलन कर यथास्थिति निर्णय लेने के निर्देश दिये हैं। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि घोषित अवकाश दिवस 25 एवं 26 अगस्त के दौरान ही आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली जाएँ ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी भवनों में बच्चों को ना बैठाया जाए। समस्त उपखंड अधिकारियों को स्वयं इस कार्य की पर्यवेक्षणात्मक निगरानी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए।

जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों ने सोमवार को राजकीय भवनों, विद्यालयों के भवनों एवं आंगबाड़ी केन्द्र के भवनों में स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भवनों के परिसर में जलभराव की निकासी की, भवनों के छतों पर भरे पानी का भी निस्तारण किया गया वहीं, मिट्टी कटाव की स्थिति में मिट्टी का भराव करवाया गया।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 06 दिवसीय सीएमई का शुभारंभ, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के साथ एमओयू




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर के शरीर रचना विभाग द्वारा 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आयुष एवं पंचायती राज विभाग के  नीरज के पवन, खेल सचिव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।  इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा इस साझेदारी का उद्देश्य खिलाड़ियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना है। इसके अंतर्गत खेल संबंधी चोटों का प्रबंधन, पुनर्वास, प्रदर्शन में सुधार, निवारक देखभाल के साथ-साथ योग एवं प्राणायाम के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य संवर्द्धन पर कार्य किया जाएगा। साथ ही, खेल आयुर्वेद में अनुसंधान परियोजनाएँ, दस्तावेज़ीकरण, पाठ्यक्रम विकास और प्रशिक्षण के अवसर भी विकसित किए जाएंगे।

शरीर रचना विभाग के विभगाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील यादव ने बताया कि यह पहल खिलाड़ियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और समग्र स्वास्थ्य सेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। साथ ही साक्ष्य-आधारित अनुसंधान एवं शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देगी और खेल एवं युवा विकास में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करेगी।

कार्यक्रम के दौरान 'शरीर मीमांसा = जर्नल ऑफ रचना शरीर' का भी विमोचन किया गया, जिसमें शरीर रचना विषय से जुड़े शोध आलेख प्रकाशित होंगे।

इस छह दिवसीय सीएमई में देशभर से आए 30 प्रशिक्षार्थी और 15 संसाधन विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। उद्घाटन सत्र में प्रो. संजीव शर्मा व डॉ. नीरज कुमार पवन के साथ राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली की प्रो. अरुंधती शर्मा और डॉ. एस.आर.आर.ए. जोधपुर के प्रो. राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। सीएमई के दौरान जेनेटिक्स, प्लास्टीनेशन, रेडियोलॉजी, देहदान सहित कई विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान होंगे।

# बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण, मुक्ति व पुर्नवास कार्यों में लाएं प्रगति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण मुक्ति एवं पुर्नवास के सम्बन्ध में जिला स्तरिय बन्धक श्रमिक सर्तकता समिति की बैठक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर (दक्षिण)  संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण मुक्ति व पुर्नवास के कार्य में सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रगति लाएं और मुक्त करवाएं हुए बाल श्रमिकों के नियोजको के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएं व अपराध प्रमाणित पाएं जाने पर दोषियों के खिलाफ उचित दण्डात्मक कार्यवाई की जाए। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर (दक्षिण) द्वारा निर्देशित किया कि बाल श्रम संभावित फैक्ट्रियों तथा ईट भट्टों मालिकों के साथ समझाइश तथा जाग्रति पैरा की जाये। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रार्थना सभा एवं बाल सभा में बाल श्रम के बारे विद्यार्थियों को  जागरूक किया जाये। बैठक में संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन, स्वयंसेवी संस्थाओं व श्रम विभाग के समन्वित प्रयास से वर्ष 2024 में कुल 240 तथा माह जनवरी 2025 से जुलाई तक 131 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया गया। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त, जयपुर द्वारा यह भी अवगत करवाया गया कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक 28 दावे व वेतन भुगतान अधिनियम के तहत माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक 11 दावे प्राप्त हुए हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिकों के मामले में एफआईआर दर्ज होने के पश्चात् न्यायालय में विचारण के स्तर पर जब बाल श्रमिक को पेश किया जाता है तो अधिकांश मामलों में वह पक्ष द्रोही घोषित हो जाता है, जिसके कारण अभियुक्त को सजा नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में पुलिस विभाग को सुझाव दिया गया कि स्वतंत्र साक्षियों के बयान हेतु धारा-164 में संबंधित उपखण्ड अधिकारी के समक्ष दर्ज करवायें, जिससे ऐसी स्थिति उत्पन्न ना हो और अभियुक्त को सजा मिल सकें। बैठक में श्रम विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा, चिकित्सा, रेल्वे, बाल अधिकारिता, सी.डब्ल्यू.सी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज उत्थान न्यास ने सर्व समाज से प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

## वर्ष 2025 में 10वीं, 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम(बिल्लूराम सैनी)।** पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, एजुकेशन काउंसिलिंग व प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए समाज में काम करने वाली संस्था समाज उत्थान न्यास (पंजीकृत) की ओर से रविवार को प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 में उत्तीर्ण हुए 10वीं व 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवाड़ी स्वीट्स प्रतिष्ठान के संचालक सोनू सैनी का विशेष सहयोग रहा। मानव निर्माण अभियान के केंद्रीय प्रचारक स्वामी सुशील गिरी सच्चिदानंद जी गुरुजी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।




यहां सिविल लाइन स्थित अग्रवाल भवन (धर्मशाला) में हुए भव्य समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी अनुराग सुपुत्र सुरेंद्र सैनी व फर्रुखनगर पालिका अध्यक्ष बीरबल सैनी ने की। पार्षद, ग्रीवेंस कमेटी मेंबर सोहना नरेश सैनी, पार्षद आशीष गुप्ता, प्रधान सैनी युवा संगठन ओ.पी सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। संरक्षक सुबे सिंह सैनी एवं समस्त कार्यकारिणी ने अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों के रूप में पूर्व मेयर मधु अशोक आजाद, वरिष्ठ भाजपा नेता सुमेर सिंह तंवर, फर्रुखनगर से समाजसेवी राधे सैनी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, फर्रुखनगर से समाजसेवी मदन लाल सैनी, सिविल डिफेंस से चीफ वार्डन राजेश दुआ, उद्योगपति नरेंद्र दत्त सैनी, पॉक्सो एक्ट कमेटी की मेंबर नीलम सैनी, प्रदेश सचिव मजदूर यूनियन संगठन पवन झाड़सा, सेक्टर-12 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अशोक सैनी, प्रधान राज कुमार सैनी, कस्टम अधिकारी अंकुश सैनी ने शिरकत की। बच्चों को सम्मानित करने के दौरान बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। समारोह में कैटेगरी के अनुसार बच्चों को सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह, जूट का बैग और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह में पहुंचे अतिथियों ने समाज उत्थान संस्था के समाजहित के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समाज उत्थान न्यास के चैयरमैन बुधराम सैनी ने बताया कि संस्था पिछले कई साल से जनहित और समाजहित के इन कार्यों में अग्रणी आकर काम किया जाता है।

वर्ष 2010 से संस्था इन कार्यों में तन-मन-धन से काम करती है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य यही है कि समाज एवं देश हित में कार्य करके अपनी आने वाली पीढियों को सही दिशा दे सकें। संस्था द्वारा युवा पीढ़ी को समय-समय पर उनके कैरियर से संबंधित काउंसलिंग प्रदान की जाती है।

# जेडीए ने 13 बीघा भूमि पर बनी चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-12 और जोन-14 क्षेत्र में कुल 13 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही चार नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। उप महानिरीक्षक पुलिस (जविप्रा) राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-12 के ग्राम रोजदा में करीब 7 बीघा कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति व भू-रूपांतरण कराए विकास नगर नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहाँ मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, कोठरीनुमा ढाँचा और अन्य अवैध निर्माण किए गए थे। प्रवर्तन दस्ते ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से इन्हें ध्वस्त कर दिया।

इसी प्रकार जोन-12 के खारड़ा की ढाणी, निवारू रोड पर करीब 3 बीघा कृषि भूमि पर हनुमान नगर नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। यहाँ बनाई गई बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण को भी जेडीए ने ध्वस्त कर दिया। जोन-14 क्षेत्र में भी दो अवैध कॉलोनियाँ तोड़ी गईं। ग्राम मोहनपुरा में करीब 2 बीघा भूमि पर मिट्टी-ग्रेवल सड़कें बनाकर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी, वहीं वाटिका रोड, रामसिंहपुरा में लगभग 1 बीघा भूमि पर पत्थरगढ़ी और सड़कें बनाकर अवैध कॉलोनी खड़ी की जा रही थी। प्रवर्तन टीम ने दोनों स्थानों पर कार्रवाई कर निर्माण ध्वस्त कर दिया। इन सभी कार्रवाइयों को मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय व चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 व 14 तथा राजस्व व तकनीकी स्टाफ की मौजूदगी में अंजाम दिया गया। गौरतलब है कि जेडीए के प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष 2024 में 383 और वर्ष 2025 में अब तक 267, इस प्रकार कुल 650 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनियों के बसने के प्रयास विफल किए जा चुके हैं।

# शिक्षक संघ (सियाराम) ने किया पोस्टर विमोचन, 3 सितम्बर को जयपुर में होगी रैली

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** शिक्षक संघ (सियाराम) के पदाधिकारियों द्वारा आगामी 3 सितम्बर को 22 गोदाम, जयपुर में आयोजित होने वाली विशाल रैली के लिए सोमवार को पोस्टर का विमोचन किया गया।इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह रैली प्रदेशभर के शिक्षकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार से कई बार संवाद के बावजूद ठोस समाधान नहीं निकलने पर यह आंदोलन आवश्यक हो गया है।पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर संगठन की एकजुटता का परिचय दें और अपनी आवाज़ सरकार तक पहुँचाएँ।पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान उप शाखा अध्यक्ष विजय कुमार सैनी के नेतृत्व में उपस्थित सदस्यों ने रैली में सक्रिय भागीदारी कर इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर टिंकू राम जाट, राधेश्याम यादव, राहुल कुमार, जसवंत सिंह, अमित कुमार शर्मा, भीम सिंह, आयशा मीणा, वैशाली सौंठवाल, पिंकी, सुनीता मीणा, प्रियंका मीणा संदीप कुमार जांगिड़ सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में आयुर्वेद आहार विषय पर छह दिवसीय सीएमई कार्यक्रम प्रारंभ

## पारंपरिक आहार सिद्धांतों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ने पर दिया गया बल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर में सोमवार को आयुर्वेद आहार विषय पर आधारित छह दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आहार के माध्यम से स्वास्थ्य संरक्षण और रोग प्रबंधन में आयुर्वेद के सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में समझना और प्रचारित करना है।




कार्यक्रम का उद्घाटन एनआईए के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि आयुर्वेद में आहार को जीवन का मूल आधार माना गया है। उन्होंने जीवनशैली संबंधी विकारों से निपटने के लिए पारंपरिक आहार पद्धतियों को वैज्ञानिक रूप से पुनः संरचित करने की आवश्यकता बताई। प्रो. मीता कोटेचा ने आयुर्वेद आहार के लिए नियामक दिशानिर्देश और गुणवत्ता मानकों को तय करने की जरूरत पर बल दिया। वहीं, मैसूर स्थित सीएफटीआरआई की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ललिता गौड़ा ने आयुर्वेदिक आहार की सुरक्षा, मानकीकरण और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों के उपयोग की आवश्यकता बताई।

रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने सीएमई की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी दिनों में व्याख्यान, प्रदर्शन और संवाद सत्रों के माध्यम से आयुर्वेद आहार के पारंपरिक और आधुनिक दोनों दृष्टिकोणों को समाहित किया जाएगा।

यह 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग तथा स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

# जश्ने मिलादुन्नबी के मौके पर पौधे लगाने का आह्वान

## मुहम्मद साहब के बताए सन्मार्ग पर चलें : कादरी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** 1500वें जश्ने मिलादुन्नबी के मौके पर रामगंज चौपड़ पर आलमी मिलाद कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।मुफ्ती-ए-शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपस्ती व सुन्नी दावते इस्लामी के संरक्षक मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब की निगरानी में 1447 हिजरी के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें शहर के औलामा, जिम्मेदार हजरात एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे। कांफ्रेंस के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी के बारे में बताते हुए उनके बताए सन्मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसी के साथ जश्ने मिलादुन्नबी के जुलूस में आने वाले लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य वक्ता मालेगांव महाराष्ट्र के सैय्यद अमीन उल कादरी साहब ने उपस्थित जनों से 1500वां जश्ने मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर हरे झंडों के साथ एक पौधा आवश्यक रूप से लगाकर मनाने का आह्वान किया। अन्य कई इस्लामी स्कॉलर्स ने भी कांफ्रेंस को संबोधित किया।

ये होंगे मुख्य कार्यक्रम-कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब ने बताया-जुलूस में नबी दुरूदों सलाम-नातों मनकबत पढ़ते हुए चलना और दुआ के साथ समापन हुआ  है। वहीं उन्होंने बताया कि 30 अगस्त को वाहिद मेमोरियल वेलफेयर एंड रिलीफ सोसायटी की ओर से बड़ी चौपड़ पर कुल हिंद नातिया मुशायरा होगा। जिसमें देशभर से विख्यात शायर आएंगे। इसी प्रकार 4 सितंबर को मिलाद शरीफ का आयोजन घाटगेट स्थित लुहारों का खुर्रा पर होगा। इसी के साथ 5 सितंबर को जुमा की नमाज के बाद जुलूस घाट गेट से रवाना होकर चार दरवाजा होते हुए कर्बला पहुंचेगा।

# सैनी सभा संस्था का शपथ एवं कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** सैनी सभा संस्था के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ एवं कार्यभार ग्रहण समारोह रविवार को कस्बे के पंजाबी वाली गली स्थित सैनी सभा भवन नं. 01 पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष गुड्डू सैनी शाहपुरा व सैनी समाज अध्यक्ष महावीर सैनी बड़ोद ने महात्मा ज्योतिबा फूले, मां सावित्री बाई फूले के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जनप्रमुख रामौतार सैनी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामसिंह सैनी,उपाध्यक्ष प्रकाश तौंदवाल,सचिव एड. योगेश सैनी व कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी को शपथ ग्रहण करवाकर कार्यभार ग्रहण करवाया।इस मौके पर अतिथियों का माला,साफा व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि गुड्डू सैनी समेत पूर्व चैयरमैन प्रकाश चंद सैनी, एड. महेन्द्र सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष हनुमान सैनी, कुलदीप सैनी बानसूर,महावीर सैनी बड़ोद व उनकी टीम,मोहन लाल सैनी पावटा,रामसिंह सैनी पटेल)पत्रकार बिल्लूराम सैनी,समेत अन्य स्थानों से आये अतिथियों नेसामाजिक एकजुटता, कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। कार्यक्रम में भामाशाह मोहन लाल ठेकेदार, सुरेश सैनी व पूर्व पार्षद रामचन्द्र सैनी का भी सम्मान किया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष बिड़दी चंद,एड. अशोक सैनी,फूलचंद सैनी,पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, रोहिताश सैनी,छोटु मिस्त्री, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी,राजेश सैनी शाहपुरा,मनोज प्रागपुरा, ओमप्रकाश,अमित पंवार, उदय तौंदवाल,पार्षद कृष्ण कारोड़िया, छीत्तरमलसैनी,दयाराम,रामजीलाल, ललित सैनी,किसन लाल,ख्यालीराम गुरूजी, महावीर सांखला, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी,  समस्त छात्रावास के छात्र समेत समाज बंधु मौजूद रहें।संचालन अनिल सैनी ने किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा एवं जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समिति की बैठक संपन्न

## जनहित में सजग प्रशासन -कलेक्टर मीना ने दिए संवेदनशील कार्यनिष्पादन के निर्देश

### तेजाजी मेला तैयारियों से लेकर तम्बाकू मुक्त राजस्थान तक, कलेक्टर की बैठक में हुई व्यापक चर्चा

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर,जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने ई-फाइलिंग को बढ़ावा देने, योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार और पात्र लाभार्थियों तक जानकारी सरल तरीके से पहुंचाने पर जोर दिया। आगामी श्री वीर तेजाजी महाराज मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, भीड़ नियोजन, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बैठक में विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अस्पतालों के आसपास तम्बाकू निषेध क्षेत्र घोषित करने और तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया गया।कलेक्टर मीना ने अधिकारियों से जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और सौंपे गए कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## ट्रैक्टर चोरी करने वाला ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शास्त्री नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी करने वाले एक ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक चोरी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद भी किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) मनीष अग्रवाल ने बताया कि सीएसटी ने शास्त्री नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी करने वाले एक ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर (24) निवासी जमवारामगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक चोरी का ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## ब्यावर डूंगरी रोड पर सिलेंडर लीकेज से आग, बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर डूंगरी रोड स्थित एक मकान में बाबा की दूज पर प्रसाद बनाते समय सिलेंडर की नली लीकेज होने से आग लग गई। दूध गर्म करते समय गैस की नली का तार खुलने से ज्वालाएं फैल गईं और किचन की अलमारियां जल गईं। मौके पर पहुंची दमकल और घरवालों व मोहल्लेवासियों की सजगता से गैस वॉल बंद कर आग पर काबू पाया गया। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

## सरल परिवार ने स्मृति दिवस पर आयोजित किया रक्तदान शिविर,एडवोकेट राव ने किया 44 वी बार रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्रीमती सरला सिंघवी चेरिटेबल सोसायटी एवं सरल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में संस्था की प्रेरणापुंज श्रीमती सरला सिंघवी को उनकी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। उनकी स्मृति में संस्था द्वारा संचालित ब्लड सेंटर सहित विभिन्न सेवा प्रकल्पों को भविष्य में और अधिक गति देने के संकल्प के साथ इक्कीसवीं पुण्यतिथि पर संस्था परिवार द्वारा सरल सभागार में स्मृति दिवस मनाया गया। सरल ब्लड सेंटर के चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश डांगी ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में 61 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ब्लड सेंटर की और से एडवोकेट भरत सिंह राव ने 44 वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर राव ने बताया कि वर्ष 2002 में किसी अनजान व्यक्ति द्वारा उनको रक्त दिया गया जिसके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए वे वर्ष में चार बार अवश्य रक्तदान करते है और आज वे 44 वीं बार रक्तदान कर रहे है। इस शिविर में डॉ पुष्कर जोशी के नेतृत्व में दर्शन आयुर्वेदा, मनोज जोशी के सानिध्य में कायाकल्प सेवा संस्थान सहित संस्था से जुड़े लोग एव स्वयं सेवक रक्तदाताओं रक्तदान किया, जो सभी के लिए प्रेरणा का विषय है।

## स्कूल-कोचिंग के बाहर खडी महंगी साइकिल चोरी करने वाला साइकिल चोर गिरफ्तार

### नशे की लत को पूरा करने के लिए साइकिल चोरी करता है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूल-कोचिंग के बाहर खडी मंहगी साइकिल चोरी करने वाले एक साइकिल चोर को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की गई नौ महंगी साइकिलों को भी बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित आरोपी को बेचकर जो रुपए मिलते थे, उनसे स्मैक खरीदता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व ) संजीव नैन ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूल-कोचिंग के बाहर खडी महंगी साइकिल चोरी करने साईकिल चोर इस्लाम उर्फ रिजवान निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया है,जिसके पास से चोरी की नौ साइकिल भी बरामद की गई। आरोपित अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए साइकिल चोरी करता था और चोरी के बाद बेचने पर जो रुपए मिलते थे। उससे स्मैक खरीदता था। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

## ज्ञान ज्योति रथ यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठक



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे में शांति कुंज हरिद्वार से संचालित ज्ञान ज्योति रथ यात्रा के साहवा में स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

गायत्री परिवार की बैठक में रथ यात्रा के साहवा में प्रवेश, दीपयज्ञ और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। रथ यात्रा भारतीय संस्कृति के उत्थान और जन जागरण के उद्देश्य से हरिद्वार से राजस्थान की ओर निकल चुकी है।

बैठक में गायत्री प्रचारक अंतरसिंह, मातुसिंह राठौड़ और विश्वनाथ भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों के लिए योजना बनाई। 3 नवंबर को रथ यात्रा के साहवा पहुंचने पर विशेष स्वागत और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर गायत्री परिवार साहवा के अध्यक्ष बनवारीलाल गील, छगन भार्गव, रणधीर ढाका, केसरीचंद धुँधावत, प्रताप धुँधावत, महावीर भाम्भू, रामस्वरूप खटोतीया, मोहनलाल कस्वां, गजेंद्र शेखावत, गिरधारी लमानी, नारायणदत्त वैध, एडवोकेट हजारीराम सैनी, लीलाधर जोशी, धर्मेंद्र सांकरोत, मोरध्वज व्यास, महावीर सैनी, उत्तमसिंह, हुकमसिंह, सुभाष चंद्र शर्मा, कुलदीप समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बोहराज ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर ने डीजीपी राजीव कुमार शर्मा को दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी महुवा (अंशु गुप्ता)।** द बोहराज ग्लोबल स्कूल के निदेशक विनय बोहरा ने हाल ही में राजस्थान के नए पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा से जयपुर में शिष्टाचार भेंट की और उन्हें मेहंदीपुर बालाजी महाराज की प्रतिमा एवं प्रसाद देकर इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विनय बोहरा ने स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों व सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि द बोहराज ग्लोबल स्कूल वह विद्यालय है जिसे राष्ट्रपति द्वारा बाल दिवस पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ष्टक्चस्श्व कबड्डी क्लस्टर के सफल आयोजन की जानकारी भी साझा की, जिसे डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने अत्यंत सराहा।

विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों से प्रभावित होकर डीजीपी ने विद्यालय को अपने आशीर्वचन दिए और शीघ्र ही विद्यालय आने का आश्वासन भी दिया। यह मुलाकात शिक्षा और प्रशासन के सहयोग का सकारात्मक संकेत मानी जा रही है।

## पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट उदयपुर (मेवाड़) और बीइंग मानव सेवा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अशोका पैलेस, मधुश्री बेंक्वेट हॉल में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को समाज सेवा और निष्पक्ष कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट निर्मल पंडित और अध्यक्ष मुकेश माधवानी थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंत्रोच्चार के साथ हुई।

संस्थापक सचिव प. सत्यनारायण चौबीसा ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता चौथा स्तंभ है, जो समाज की समस्याओं को उजागर कर सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा हितैषी ने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे संजय ने धृतराष्ट्र को युद्ध का सजीव वर्णन सुनाया, वैसे ही पत्रकार समाज को घटनाओं का आईना दिखाते हैं। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता केवल खबरों का माध्यम नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामाजिक सुधार का महत्वपूर्ण साधन है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने पत्रकारिता के योगदान की सराहना की और कहा कि पत्रकार समाज को सजग एवं जागरूक बनाते हैं। समारोह में विष्णु शर्मा हितैषी, गौरीशंकर अग्रवाल, दिनेश गोठवाल, सुनील गोठवाल, धीरेन्द्र जोशी, विवेक चौबीसा, दिलखुश चौबीसा, हर्षिका चौबीसा, गोपाल कुमार लोढा, शांति लाल जैन, हरीश नवलखा, माधुरी शर्मा, नितिन दशोरा, मेवा राम, दिनेश कुमार जैन, लोकेश आचार्य, विप्लव जैन, गोविंद ओड, सुनील कालरा, चेतन व्यास सहित समस्त पत्रकार उपस्थित रहे। मंच का संचालन निलेश कुमार चौबीसा ने किया।

## ग्राम टोरडा गुजरान में सार्वजनिक लाइब्रेरी निर्माण का सपना होगा पूरा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम टोरडा गुजरान में धर्मशाला एवं सार्वजनिक लाइब्रेरी के निर्माण के लिए भूमि दान करने का पुण्य कार्य संपन्न हुआ। भामाशाह सेठ ज्वाला प्रसाद, सेठ गोकुल चंद और सेठ रामप्रताप के परिवारजनों ने महंत बाबा प्रेमनाथ के सानिध्य में रविवार को भूमि दान करते हुए निर्माण कार्य के लिए 2,51,000 रुपये का योगदान दिया।

महंत बाबा प्रेमनाथ ने इस अवसर पर कहा कि गांव के बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और युवाओं को सुविधा उपलब्ध कराने का सपना लंबे समय से पूरा होना बाकी था। ग्राम में लाइब्रेरी के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए भामाशाहों द्वारा आज भूमि और धनदान कर परमार्थ का कार्य किया गया।

इस मौके पर ग्रामीणों ने भामाशाहों का स्वागत और सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। लाइब्रेरी और धर्मशाला के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं और बच्चों को शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी।

## त्यागी जी मंदिर में विशाल भण्डारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की पंगत प्रसाद

बढ़ता राजस्थान




**प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे की ढाणी कुशालगढ़ स्थित बाली के तिबारा में स्थित त्यागी बाबा के मंदिर में रविवार को विशाल भण्डारे का आयोजन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। महंत ब्रह्मानाथ ने बताया कि हर वर्ष गांव के भक्तों द्वारा त्यागी महाराज के भण्डारे का आयोजन कर आश्रम का विशेष श्रृंगार किया जाता है।

इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर त्यागी जी महाराज के भोग लगाकर पंगत प्रसादी का वितरण किया गया। भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर त्यागी जी के भोग ग्रहण किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

रामानंद सैनी ने बताया कि त्यागी जी महाराज की शिक्षाएं प्रेम, करुणा और सहनशीलता पर आधारित हैं। वे अपने अनुयायियों को सच्चा जीवन जीने और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। समाजसेवी शिम्भू दयाल हाडिया ने बताया कि त्यागी जी महाराज को उनकी आध्यात्मिक शक्तियों, निस्वार्थ सेवा और जीवन समर्पण के लिए जाना जाता है। इस भण्डारे में ग्यारसीलाल कुमावत, धर्मपाल सैनी, पप्पूराम यादव, विकास कुमार, मातादीन सैनी, सुरेश सैनी, मनीष सैनी, दाताराम सैनी, दिनेश सैनी, कैलाश चंद सैनी, सुनिल चौधरी, बिल्लु यादव, दौलत राम सैनी, महेश जाट, हरिराम यादव, विजेन्द्र सैनी, रामसिंह सैनी, किशन सैनी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हैप्पी होम स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह सम्पन्न

### संस्थापक जगदीश अरोड़ा को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** प्रतापनगर स्थित हैप्पी होम स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह नगर निगम स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर धूमधाम से आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, एसआईईआरटी के पूर्व निदेशक डॉ. शरतचन्द्र पुरोहित, शिक्षाविद् जवाहरलाल झंवर एवं जी.एल. कुमावत थे।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों से लेकर वरिष्ठ विद्यार्थियों तक ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें पर्यावरण संरक्षण, शिव तांडव स्तोत्र, रामकथा, विभिन्न राज्यों की झलकियाँ एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

संस्थापक जगदीश अरोड़ा ने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय की 50 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर नई फैकल्टी की स्वीकृति प्राप्त की। आज विद्यालय में वाणिज्य, विज्ञान एवं कला संकाय की पढ़ाई उपलब्ध है। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से प्रकाशित स्वर्ण जयंती स्मारिका का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। इसमें विद्यालय की शैक्षिक यात्रा, शिक्षकों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों और अभिभावकों के अनुभवों को स्थान दिया गया है।

शिक्षा प्रचार समिति की ओर से संस्थापक जगदीश अरोड़ा को शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के सर्वांगीण विकास में योगदान हेतु लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने भी अरोड़ा का सम्मान किया। ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय ने पिछले 50 वर्षों में ऐसे अनेक छात्र तैयार किए हैं, जो आज देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत होकर समाज और शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रबंध निदेशक कुणाल अरोड़ा ने संस्था के भावी लक्ष्यों और विजन पर अपने विचार साझा किए।

समारोह का संचालन डॉ. रश्मि पाराशर एवं प्रेरणा महावर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन निदेशक (अकादमिक) डॉ. सुषमा अरोड़ा ने किया।

## अखिल राजस्थान हिदायतुल कमेटी की बैठक में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** शहर के भट्टा कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को अखिल राजस्थान हिदायतुल कमेटी मुस्लिम तेली समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन ने की। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद रफीक ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार साझा किए। अध्यक्ष निजामुद्दीन ने कहा कि सभी की सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन, उपाध्यक्ष बरकत मिस्त्री, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद रफीक, प्रदेश महासचिव सरफुद्दीन, प्रदेश सचिव इंजीनियर अशरफ अली, रफीक कटकड, सत्तार, जमील सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## जनता जनार्दन संगठन ने रोडवेज बस स्टेशन, ब्यावर पर चलाया स्वच्छता अभियान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** सामाजिक संगठन जनता जनार्दन द्वारा आज रोडवेज बस स्टेशन, ब्यावर पर एक विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत लंबे समय से उपेक्षित पड़े क्षेत्रों की सफाई की गई, विशेष रूप से महिला एवं पुरुष शौचालयों की, जिन्हें निर्माण के बाद से कभी साफ नहीं किया गया था। अभियान के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि महिला शौचालय में दरवाजा ही नहीं है, जिससे बस स्टेशन प्रबंधन की लापरवाही उजागर होती है। संगठन ने आरोप लगाया कि शौचालयों का संचालन निजी ठेके पर होने के कारण निःशुल्क शौचालयों की अनदेखी की जा रही है, जबकि अन्य शौचालयों में शुल्क लेकर उपयोग करवाया जा रहा है।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान के साथ-साथ यात्रियों और आमजन को भी जागरूक किया कि वे कचरा बसों, सड़कों या स्टेशन परिसर में न फेंकें और साफ-सफाई बनाए रखें। साथ ही यह भी मुद्दा उठाया गया कि ब्यावर जिला बनने के बाद जहां सभी सरकारी दफ्तरों पर साइन बोर्ड लगाए गए, वहीं रोडवेज बस स्टेशन के बाहर आज तक कोई बोर्ड नहीं लगाया गया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह राजकीय बस स्टैंड है। भुवनेश शर्मा, विकास वैष्णव, कुलदीप तिवारी, जैकी, शहज़ाद काठात, रणजीत सिंह, खुशवंत कुमार चौहान, रोहित कुमार चौहान, नकुल चौहान, पुष्पेन्द्र पाल पंवार, शिवराज वैष्णव, विनोद कुमावत, प्रांजल श्रीवास्तव, ऋतिक और अंशुल यादव अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# ईद मिलादुन्नबी 5 सितंबर को मनाई जाएगी

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** राजस्थान क़ाज़ी कौंसिल के संरक्षक पीरजादा अब्दुल शकूर क़ादरी की देखरेख और हिलाल कमेटी अध्यक्ष पीरजादा इमरान क़ादरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन शुक्रवार, 5 सितंबर को किया जाएगा।

### चांद देखने की पुष्टि

बूंदी जिला वक्फ कमेटी के सचिव मौलाना असलम ने बताया कि जिले और आसपास के क्षेत्रों में मौसम साफ न होने के कारण चांद दिखाई देने की पुष्टि स्थानीय स्तर पर नहीं हो पाई। इसके बाद बूंदी जिला हिलाल कमेटी ने कोटा शहर क़ाज़ी जुबैर अहमद से संपर्क किया। कोटा शहर क़ाज़ी ने देश के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त शरई शहादत (कानूनी गवाही) के आधार पर चांद दिखाई देने की पुष्टि की।

### कमेटी का सर्वसम्मत फैसला

कोटा शहर क़ाज़ी से लिखित पुष्टि प्राप्त होने और अजमेर शरीफ सहित देश के अन्य स्थानों से भी चांद दिखाई देने की खबर मिलने पर हिलाल कमेटी ने सर्वसम्मति से तय किया कि बूंदी जिले में ईद मिलादुन्नबी 5 सितंबर, शुक्रवार को मनाई जाएगी।

### अन्य महत्वपूर्ण तिथियां

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस्लामी माह की पहली तारीख 25 अगस्त, सोमवार होगी, जबकि ख्वाजा गरीब नवाज की छठी शरीफ का आयोजन 30 अगस्त, शनिवार को किया जाएगा। बैठक में हाजी अब्दुल सत्तार क़ादरी, मोहम्मद अहमद रज़ा, मौलाना शाह आलम, मौलाना असगरुल क़ादरी, हाफिज जमील बाबा, कयामुद्दीन अजीज क़ादरी, मेहमूद अली सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम से आर्थिक पैकेज की मांग

#### पीड़ित परिवारों को मुआवजा व जर्जर पाल की मरम्मत की उठाई मांग



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से आमजन बुरी तरह प्रभावित है। भारी बरसात से कई मकान व दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं और लोग बेघर हो गए। सोमवार को पूर्व चेयरमैन एवं वर्तमान पार्षद प्रमोद कुमार जैन के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सीएम के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराने और कस्बे के दोनों बड़े तालाबों की क्षतिग्रस्त पाल की मरम्मत के लिए बजट आवंटन की मांग की गई। जैन ने बताया कि नैनवां कस्बे में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। राहत व बचाव कार्यों के लिए सेना तक को बुलाना पड़ा। कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में दो सौ से अधिक मकान व कई दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। मुख्य बाजार की दुकानों में नालियों का पानी भरने से भारी नुकसान हुआ है। जैन मंदिर भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ज्ञापन में कहा गया कि तालाबों की पाल के टूटने से आबादी क्षेत्र को भारी खतरा है, इसलिए तत्काल मरम्मत हेतु पाँच करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाएँ। साथ ही वेस्ट वेयर पर हाइड्रोलिक गेट व पक्के वेस्ट वेयर बनवाए जाएँ, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी से जनता को बचाया जा सके। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पीड़ित परिवारों को राहत शिविरों में भोजन-पानी की व्यवस्था दी जाए, मनरेगा में गरीब तबके के लोगों को तुरंत काम पर लगाया जाए तथा किसानों की गिरदावरी कराकर उनकी फसलों के नुकसान की भरपाई की जाए। मवेशियों के लिए चारे की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान अटल कुमार सोनी, टिंकू चौधरी, पार्षद ओमप्रकाश गुर्जर, अशोक साहू, दीपक चोपड़ा, राजेंद्र सिंह नरूका, भंवर सिंह सोलंकी, राजू पाराशर, अरविंद शर्मा, मोजी राम गुर्जर सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जैन युवा सेमिनार में संस्कारों का बीजारोपण - प्रज्ञान सागर

#### युवा बोले - पढ़ाई है जीवन में सफलता की कुंजी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी ),।** नैनवां के शांति वीर धर्म स्थल पर सोमवार को जैन युवा सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विनिश्चय सागर महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। मंगलाचरण की प्रस्तुति महावीर सरावगी ने दी। संचालन श्रीमती सुधा जैन चौधरी 'मोहन मारवाड़ा' ने किया। सेमिनार में बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया ने कहा कि छात्रों को घर-परिवार के कार्य स्वयं करने चाहिए, इससे आत्मनिर्भरता आती है और यही आगे चलकर सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। रितेश (गाजियाबाद) ने छात्रों से कहा कि सकारात्मक सोच ही जीवन की दिशा तय करती है। पढ़ाई सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसके दम पर कोई भी व्यक्ति कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर या मंत्री बन सकता है। जैन मुनि प्रज्ञानसागर महाराज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है। पढ़ाई के बल पर ही विद्यार्थी अपने माता-पिता और परिवार की सच्ची सेवा कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से सवाल-जवाब कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रसिद्ध सागर महाराज ने युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए कहा कि भोजन करते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि वह शुद्ध व ताजा हो। कई दिन पुराने पापड़ और अचार शरीर के लिए हानिकारक होते हैं, क्योंकि उनमें सूक्ष्म जीव पनपने लगते हैं। यह पहला अवसर था जब नैनवां में जैन युवा सेमिनार का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हर वर्ष होने चाहिए, ताकि युवाओं में संस्कार, ज्ञान और जीवन मूल्यों का बीजारोपण हो सके। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का समिति की ओर से तिलक, माला, दुपट्टा और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कमल कुमार मारवाड़ा, विनोद बरमुंडा, महावीर सरावगी, शैलेंद्र मारवाड़ा, आशीष मोडीका, संजय जैन, जॉनी जैन, विनोद सरावगी, ज्ञानचंद जैन, अशोक (अध्यापक) सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अहमदाबाद में मासूम नयन की हत्या पर भीलवाड़ा में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** गुजरात के अहमदाबाद में मासूम बालक नयन यूवी सिन्धी की निर्मम हत्या की घटना को लेकर भीलवाड़ा के सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को राजस्थान के मुख्यमंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गुजरात सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सिन्धु संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश मानवानी ने बताया कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक और स्तब्ध कर देने वाली है। नयन सिन्धी की हत्या ने न केवल पूरे सिन्धी समाज बल्कि भीलवाड़ा के नागरिकों को भी आक्रोशित कर दिया है। समाज की ओर से मांग की गई है कि गुजरात सरकार इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

गुजरात के अहमदाबाद स्थित सेवेंथ डे स्कूल में नयन यूवी सिन्धी 10वीं कक्षा में पढ़ता था। वह छुट्टी के बाद अपने चचेरे भाई के साथ सीढ़ियों से उतर रहा था। इसी दौरान उसी कक्षा के एक अन्य छात्र से विवाद हो गया। मामूली झगड़ा मारपीट में बदल गया और आरोपी छात्र ने बैग से चाकू निकालकर नयन पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल नयन को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भीलवाड़ा में सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि यह घटना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। यदि स्कूल परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती तो यह दर्दनाक हादसा टल सकता था।

### इन मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना, मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना, दोषियों को फांसी की सजा दिलाना, दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करना, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देना तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना। इसके अलावा देशभर के सभी स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और स्कूल परिसरों में हथियार व मांसाहार पर रोक लगाने की भी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान भीलवाड़ा के दादे साहब झूलेलाल मंदिर, सिन्धु नगर, सिरक्की मोहल्ला, बापूनगर, शास्त्री नगर, पंचवटी और चन्द्रशेखर आजाद नगर के झूलेलाल मंदिरों सहित विभिन्न सिन्धी समाज संस्थाओं, व्यापारिक वर्ग और झूलेलाल टीम के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजजनों ने एक स्वर में दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

# रामदेवरा यात्रियों हेतु कपासन में संचालित राम रसोड़े का भव्य समापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के मुख्य मार्ग पर पंचायत समिति के समीप संचालित राम रसोड़ा का रविवार को भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष बद्रीलाल जाट मुख्य अतिथि रहे। समापन अवसर पर श्री रामदेव सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन गायक भेरूलाल बारेगामा एवं सहयोगी कलाकारों ने मीरा की मेवाड़ धरा पर गणा ही देव विराजे, खम्मा खम्मा ओ मारा रुणीजा का धनिया, सतगुरु आया पावणा मैं वारी जाऊं रे, मारी काया कंचन कर गया ओ बाबा रामदेव जैसे भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। समिति के व्यवस्थापक भागीरथ चंदेल ने बताया कि रसोड़े की संपूर्ण व्यवस्था में घनश्याम चंदेल, नारायणलाल चंदेल, सोहनलाल कुमावत, रमाकांत त्रिपाठी, गोपाल टेलर, पंकज सिरोया, नंदकिशोर टेलर, शंभूलाल बागड़ा, अशोक विजयवर्गीय, मनीष बारेगामा, आशीष सोनी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने तन-मन-धन से सहयोग दिया। समापन के बाद सोमवार को भादवा बीज के अवसर पर बाबा रामदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पं. राजकुमार व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ यज्ञ-हवन व पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठानों को सम्पन्न कराया।

# भारी बारिश की चेतावनी के बीच 26 और 27 अगस्त को विद्यालयों में अवकाश घोषित



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 26 और 27 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा ने बताया कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। विद्यालयों के सभी कार्मिक पूर्व निर्धारित समय पर नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों को तुरंत सूचित करें और आदेश की अनुपालना सुनिश्चित करवाएं।

# मारवाड़ी भांबी समाज ने भादवी बीज पर निकाली शोभायात्रा, भजन संध्या का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** मारवाड़ी भांबी समाज ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा रामदेव जी की दूज के अवसर पर 24 और 25 अगस्त को विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। 24 अगस्त की रात समाज के वटवृक्ष दल्लाराम बारूपाल के सान्निध्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक कालूराम भैंसाना व उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। 25 अगस्त की सुबह समाज की भव्य शोभायात्रा जे.के. कॉलोनी से प्रारंभ हुई, जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई मंडी चौराहे स्थित बाबा रामदेव व्यायामशाला मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन, महिला शक्ति और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से तुलसाराम भाटी, धन्नाराम पनूसा, हीराराम गोडांसा, दुर्गाराम वाघेला, पेमाराम दया, भोलाराम सापेला, सोहन बारूपाल, चंपालाल चौहान, मकराना परिवार, अन्नाराम राणावत, भूंडाराम लोहिया, मुन्नाराम मेघवाल, इंदरमल भाम्बी, किशोर भाटी, जगदीश सापेला, लूंबाराम, प्रकाश नागौरी, संस्था अध्यक्ष लक्ष्मण भांबी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। सफल आयोजन के लिए भोलाराम सापेला, भूंडाराम लोहिया, भोमाराम मकराना, जगदीश सापेला और मारवाड़ी भांबी समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष लक्ष्मण भांबी सहित सभी पदाधिकारियों ने समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# पक्षॉल रोड लाइंस की मनमानी से आमजन परेशान, परिषद ने की सफाई, कार्रवाई पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** शहर में जेके चौराहा से चित्तौड़ रोड स्थित पक्षॉल रोड लाइंस द्वारा सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने और उनसे निकलने वाली सीमेंट, राख व मिट्टी को सड़क पर ही छोड़ देने से आमजन लंबे समय से परेशान हैं। भारी वाहनों की खड़ी लाइन से सड़क मार्ग संकरा हो जाता है और आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि सड़क पर फैली गंदगी से धूल उड़कर दोपहिया चालकों के शरीर में प्रवेश करती है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बरसात के दौरान यही धूल-मिट्टी कीचड़ में बदलकर हादसों का कारण बनती है। कुछ दिन पूर्व नगर परिषद निंबाहेड़ा के कार्मिकों ने इस मार्ग की सफाई कर धूल-मिट्टी हटाई, लेकिन खर्च जनता के टैक्स से हुआ।

### सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पक्षॉल रोड लाइंस ने हजारों वर्गफीट नगर परिषद की जमीन पर पक्का टिन शेड बनाकर कब्जा कर रखा है। इसके बावजूद प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया। लोगों का सवाल है कि क्या यह संस्थान प्रशासन से ऊपर है या फिर इसकी ऊपर तक पहुंच के कारण इसे छूट मिली हुई है।

**जनता में रोष :** नागरिकों का कहना है कि यदि आम आदमी सरकारी जमीन पर कब्जा कर ले या गंदगी फैलाए, तो तत्काल कार्रवाई होती है। लेकिन यहां न तो चालान काटा जाता है और न ही वाहन जब्त होते हैं। उल्टा, गंदगी भी नगर परिषद के कर्मचारी ही साफ करते हैं। इससे लोगों में आक्रोश है कि आखिर परिषद के खर्च की भरपाई पक्षॉल रोड लाइंस से क्यों नहीं करवाई जाती।

**प्रशासन की चुप्पी:** इस पूरे मामले में नगर परिषद निंबाहेड़ा के आयुक्त कौशल कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। अब देखना यह है कि प्रशासन पक्षॉल रोड लाइंस से वसूली कर परिषद के नुकसान की भरपाई करता है या फिर यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

# सेवा केंद्र पर विश्व बंधुत्व दिवस मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, निंबाहेड़ा सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. प्रकाशमणि दादी जी का 18वां पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दिवस को पूरे विश्व में विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में बीके शिवली दीदी ने कहा कि दादी प्रकाशमणि जी संस्था की द्वितीय मुख्य प्रशासिका थीं। उन्होंने अपने परमात्मा पालन और अद्भुत व्यक्तित्व से पूरे विश्व को प्रभावित किया। उनकी मुस्कान अनेकों के कष्ट हर लेती थी, उनकी दृष्टि पाने के लिए लोग ठहर जाते थे और उनके प्रेमपूर्ण प्रशासन की खुशबू से सभी आकर्षित होते थे। दादी की पवित्रता और सरलता पर स्वयं भगवान भी बलिहार गए। इस अवसर पर सेवा केंद्र पर उपस्थित भाइयों-बहनों ने अखंड योग तपस्या का अभ्यास किया। कार्यक्रम में संकल्प लिया गया कि दादी प्रकाशमणि जी के नाम की भांति उनका प्रकाश चारों ओर फैलाकर विश्व में व्याप्त दुख, चिंता और बीमारियों को दूर किया जाएगा। इस वर्ष दादी जी के पुण्य स्मृति दिवस पर भारत और नेपाल में नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर और विभिन्न सामाजिक सेवाओं के कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन पर सभी ने दादी जी की स्मृति में पुष्प अर्पित किए और प्रसाद वितरण किया गया।

# पहली बार होगी श्री शिव महापुराण कथा, प्रयागराज के महंत बलवीर गिरी ने किया पोस्टर विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार होने जा रही श्री शिव महापुराण कथा का पोस्टर सोमवार को संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में विमोचित किया गया। यह कथा प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से 9 से 15 सितंबर तक आयोजित होगी। पोस्टर विमोचन का कार्य प्रयागराज के प्रसिद्ध लेटे हुए हनुमानजी मंदिर के महंत बलवीर गिरी महाराज ने किया। इस अवसर पर महंत बाबूगिरी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। महंत बलवीर गिरी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भीलवाड़ा की आस्था और भक्तिभाव से यह कथा ऐतिहासिक एवं सफल आयोजन साबित होगी। इस मौके पर महंत बाबूगिरी महाराज ने बलवीर गिरी महाराज का स्वागत किया। उन्होंने संकटमोचन हनुमानजी की प्रतिमा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। समिति एवं मंदिर ट्रस्ट की ओर से महंत बलवीर गिरी महाराज का सम्मान किया गया। इस दौरान समिति के संयोजक गजानंद बजाज, महासचिव पीयूष डाड, कन्हैयालाल स्वर्णकार सहित कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान अभियान के पोस्टर व स्टीकर का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा कपासन की ओर से सोमवार को हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के पोस्टर एवं स्टीकर का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में 1 सितंबर 2025 को देशभर के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में आयोजित होगा। विमोचन समारोह में प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सदस्य एवं जिला संगठन मंत्री डॉ. हीरालाल लोहार, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि रवींद्र सिंह सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस दिन देशभर के करोड़ों शिक्षक एवं विद्यार्थी पाँच संकल्पों की शपथ लेंगे।

इन संकल्पों में विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन, विद्यालय संपदा का संरक्षण, सामाजिक समरसता, चरित्र निर्माण, नैतिक शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को आत्मसात करना शामिल है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय को सिर्फ शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि नैतिकता और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में विकसित करना है।

वक्ताओं ने इसे राष्ट्र पुनर्निर्माण और शैक्षिक उन्नयन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया।

इधर, उपशाखा अध्यक्ष शांतिलाल शर्मा, सभा अध्यक्ष राजेंद्र व्यास एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने ब्लॉक स्तर पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुकेशचंद्र त्रिपाठी, गोपालकृष्ण नामधर, दिलीप उपाध्याय, राकेश व्यास, धर्मचंद कीर, संदीप ढाका, अमरा राम, गोपाल छिपा, मनमोहन आचार्य, सुभाष नंदवाना सहित अनेक शिक्षक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टाइगर रिजर्व में पहली बार दिखे दो कैराकल, कुनबा बढ़ाने को अब संरक्षण की दरकार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** देश में चीता के बाद विलुप्ति के कगार पर पहुंचे कैराकल का धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व (डीकेटीआर) में नजर आना वन्यजीव प्रेमियों और विभाग के लिए उम्मीद की खबर है। बेहद शर्मीला और अकेले रहना पसंद करने वाला यह दुर्लभ वन्यजीव इस बार एक साथ नर-मादा जोड़ी में देखा गया। दोनों को मैटिंग के लिए अठखेलियां करते कैमरे में कैद किया गया, जिससे संकेत मिलता है कि रिजर्व की आबोहवा इनके प्रजनन के लिए अनुकूल है।

डीकेटीआर के रेंजर देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सरमथुरा क्षेत्र के जंगल में अब तक कभी-कभार एक कैराकल दिखाई देता था, लेकिन पहली बार जोड़ी के रूप में मैटिंग करते हुए दो कैराकल दिखना उत्साहजनक है। इससे स्पष्ट है कि धौलपुर के जंगल इनके हैबिटैट के लिए उपयुक्त साबित हो रहे हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञ रमेश चंद्र शर्मा ने



बताया कि कैराकल मध्यम आकार की जंगली बिल्ली है, जिसकी ऊंची छलांग लगाने की अद्भुत क्षमता होती है। यह प्रजाति मुख्यत: मिडिल ईस्ट, अफ्रीका और सेंट्रल एशिया में पाई जाती है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के सर्वे के मुताबिक भारत में फिलहाल करीब 50 के आसपास कैराकल ही शेष बचे हैं।

विशेषता के तौर पर कैराकल के लंबे व गुच्छेदार कान होते हैं, जिनका उपयोग यह शिकार का पता लगाने और आपसी संवाद के लिए करता है।

झाड़ियों के बीच छिपकर यह अचानक पक्षियों पर झपट्टा मारने में माहिर होता है।

### संरक्षण की चुनौती

1952 में चीते के विलुप्त होने के बाद यह दूसरी जंगली बिल्ली है जो भारत में विलुप्ति के कगार पर है। आईयूसीएन ने इसे रेड लिस्ट में शामिल किया है। राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों को छोड़कर यह भारत में लगभग लुप्त हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार 1990 से 2020 के बीच इनकी संख्या में 95त्र से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हालांकि अभी तक कैमरे में सिर्फ एक जोड़ी कैद हुई है, लेकिन गश्ती दलों ने जंगल में दो-तीन के समूह में कैराकल देखे जाने की सूचना दी है। यह सकारात्मक संकेत है कि इनका संरक्षण स्वाभाविक रूप से हो रहा है। विभाग अब उच्च स्तर पर संरक्षण योजना और मॉनिटरिंग बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

## जूडो खिलाड़ियों को मिलेगा कुशल प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गुरुद्वारा के पास स्थित एक निजी स्कूल में जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी ऋषि मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, मैनेजर इनसाइड बैंक ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि उपजिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) बृजेन्द्र सिंह रहे। मुख्य अतिथि ऋषि मित्तल ने कहा कि जिले की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य साधने की क्षमता विकसित होती है। अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो संघर्ष करते हुए निरंतर आगे बढ़ता है। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष एवं जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन राजीव सिंघल ने कहा कि संघ जूडो खेल को लेकर गंभीर है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें कुशल प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले के जूडो खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर धौलपुर का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर माताप्रसाद टाइगर की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन विजय शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राशिद खान, मोहम्मद जुबेर खान, आदेश भटनागर और सुधीर जैन रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अनमोल ने 25 से 30 किलोग्राम वर्ग में, ललित ने 30 से 35 किलोग्राम वर्ग में, अर्पित ने 35 से 40 किलोग्राम वर्ग में और फाइनल मुकाबले में कान्हा गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर परमजीत सिंह, राजेंद्र राणा, जीतू कंसाना, अशोक मीणा, उमादत्त शर्मा, पवन मीणा, देवदत्त शर्मा, मनोज कुमार, अशोक व्यास, रामेश्वर शर्मा, अजय शर्मा, रामवीर सिंह, अनीता कुमारी, रागिनी त्रिवेदी, रचना गुर्जर, लकी जैन, सुनीता कुमारी और सहला रिज़वी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लंबित शिकायतों की समीक्षा में कलक्टर का कड़ा रुख

**पंचायत चुनावों की तैयारियों पर दिए स्पष्ट निर्देश, नशा मुक्ति अभियान और मौसमी बीमारियों पर भी जोर**



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने लंबित शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि आमजन की परिवेदनाएं समय पर निस्तारित हों। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े। कलक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि डिस्पोजल टाइम का पाक्षिक मूल्यांकन किया जाए। उच्च स्तर पर लंबित शिकायतों के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

### पंचायत चुनावों की तैयारियां

आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कलक्टर ने सभी ईआरओ और एईआरओ को मतदाता सूचियों की जांच-पड़ताल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत का नवीनतम नोटिफिकेशन बीडीओ से प्राप्त कर कंट्रोल टेबल तैयार करें। क्षेत्रवार मिलान सुनिश्चित हो ताकि कोई भी गांव छूटे या दो बार दर्ज न हो। चुनाव को निर्विघ्न और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को संवेदनशील रहते हुए समुचित तैयारियां करने के निर्देश दिए।

### नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा पर फोकस

कलक्टर ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सभी स्कूलों में युवा क्लब गठित कर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर इन कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने को कहा।

### किसानों व स्वास्थ्य पर जोर

फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के लंबित कार्य जल्द पूर्ण करने और किसी भी किसान को वंचित न रखने के निर्देश दिए गए। एडीएम नरेश बुनकर ने उपखंड अधिकारियों को राजस्व व अन्य विभागीय सूचनाएं समय पर भेजने के आदेश दिए। उन्होंने खरीफ गिरदावरी समय से पूरी कराने पर भी जोर दिया। सीईओ बृजमोहन बैरवा ने संबल योजना के अंतर्गत हो रही बैठकों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. हेमंत बिंदल ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम संबंधी गतिविधियों की रिपोर्ट साझा की। इस पर कलक्टर ने सभी विभागों को सौंपे गए दायित्व समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## जल भराव क्षेत्रों में जल निकासी एवं फॉगिंग करवाना सुनिश्चित करें : एडीएम

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बिजली, पानी और मौसमी बीमारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एडीएम मीना ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिले में सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाए रखने और आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं, सीएमएचओ को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार की पुख्ता तैयारी रखने और विभागीय कार्मिकों से एंटी लार्वा गतिविधियां व्यापक स्तर पर करवाने को कहा। उन्होंने नगर परिषद को जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए एडीएम ने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मरीजों का स्पुटम टेस्ट करवाने और अधिक से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनाने पर जोर दिया। साथ ही सभी क्षेत्रों से निष्फल बुवाई के प्रस्ताव मंगवाने और बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों सहित लंबित जनसुनवाई प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।



### मचकुण्ड मेला तैयारियों की समीक्षा

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आगामी देवछठ मचकुण्ड मेले की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को मेला स्थल, परिक्रमा मार्ग और मुख्य मार्ग पर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम ने मेले के दौरान लाइट एंड साउंड शो की मेंटेनेंस, सरोवर की सफाई, अस्थाई शौचालय लगाने, सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की स्वच्छता, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की उपलब्धता और सरोवर घाटों पर महिलाओं के स्नान हेतु अस्थाई टेंट व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भिजवाने तथा घाटों पर पर्याप्त प्रशिक्षित गोताखोर तैनात करने को भी कहा। उन्होंने मेला स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास धीरेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ का खमनोर दौरा

**उद्यान का लोकार्पण, रामदेव मंदिर में दर्शन और नंदसमंद बांध का निरीक्षण**



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने रविवार को खमनोर का दौरा किया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत उपखंड कार्यालय परिसर में आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा बनाए गए उद्यान के लोकार्पण से की। इस अवसर पर सांसद ने फाउंडेशन द्वारा देशभर में किए जा रहे सीएसआर कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज और पर्यावरण को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दौरे के दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने खमनोर स्थित रामदेव मंदिर में दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

इसके बाद उन्होंने नंदसमंद बांध का निरीक्षण किया और वहाँ मौजूद कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं व सुझावों की जानकारी ली।

## राजस्व सेवा परिषद की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**तहसील से जुड़े कामकाज प्रभावित, काश्तकारों व विद्यार्थियों को हो रही परेशानी**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** लालसोट में तहसीलदार व अन्य कार्मिकों के बीच हुए विवाद के बाद शुरू हुई राजस्व सेवा परिषद व तहसीलदार सेवा परिषद की हड़ताल सोमवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते तहसील से जुड़े विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

तहसील में कामकाज ठप होने से काश्तकार अपने जरूरी काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं विद्यार्थियों को मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र, लघु व सीमांत भूमिहीन किसानों के प्रमाण पत्र, फसल बीमा भुगतान से जुड़े कार्य और कोर्ट मामलों की सुनवाई भी प्रभावित हो रही है।

हालांकि, पंजीयन कार्य सुचारू रखने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिरिक्त अधिकारियों को लगाया गया है।

## विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** विभागीय योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्धता से कार्य करें। बैठक में सांसद एवं विधायक स्थानीय विकास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर निर्देश दिए कि इनमें समयबद्धता का खास ध्यान रखा जाए ताकि योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। जो कार्य शुरू नहीं हुए उनकी प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। यह भी सुनिश्चित करें कि कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण समय पर हों। अधिक वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में बिजली पानी की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए गए कि ऐसे स्थानों पर आवश्यकता अनुसार पेयजल में सुपर क्लोरिनेशन किया जाए। डेंगू एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपाय प्रभावी तरीके से करने के भी निर्देश दिए। वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों और अवरुद्ध मार्गो के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जन आधार और आधार कार्ड बनवाने ,इनमें संशोधन इत्यादि के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़े, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। संपर्क एवं 181 हेल्पलाइन पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से लेने और सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएनएमएस पर प्राप्त शिकायत को भी गंभीरता से लेने और एक्शन टेकन रिपोर्ट उसी दिवस भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त अनुराग भार्गव विभिन्न विभागों के अधीक्षण अभियंता एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाबू महाराज का चार दिवसीय मेला, कांवड़ियों ने चढ़ाया गंगाजल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** डांग क्षेत्र के कूदिन्ना स्थित थून थान पर गुर्जर समाज के आराध्य बाबू महाराज का चार दिवसीय मेला शनिवार से प्रारंभ हुआ। रविवार को रिमझिम बारिश के बीच सोरोजी और हरिद्वार से आए कांवड़ियों ने बाबू महाराज पर गंगाजल अर्पित किया। मेला कमेटी के कोषाध्यक्ष राममुकुट ने बताया कि सोमवार को बाबू महाराज की विशेष जात लगेगी। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने पहुंचेंगे। रात्रि में बाबू महाराज की मंडली द्वारा बाबू लीला का गायन होगा और भगतों के माध्यम से बाबा भक्तों की सुनवाई करेंगे।

मेले की व्यवस्थाओं में मेला कमेटी अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह, भगत लाल सिंह, देवी सिंह समेत कई पदाधिकारी जुटे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ महेंद्र कुमार के नेतृत्व में सदर, सोने का गुर्जा और बसई डांग थानों की पुलिस तैनात है। मेले में ढाई सौ से अधिक पुलिसकर्मी निगरानी कर रहे हैं।

एसडीएम भगवत शरण त्यागी की देखरेख में प्रशासनिक अमला भी लगातार व्यवस्था संभाले हुए है। चंबल नदी में उफान को देखते हुए नदी किनारे के गांवों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए गिरदावर और पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इधर, समाजसेवी कान्हा शर्मा ने राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर, बाड़ी में कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों ने गंगाजल बाबू महाराज को अर्पित करने से पूर्व 'बाबू महाराज की जय' के जयकारे लगाए। खिदरपुर से बाबू महाराज मंदिर तक कांवड़ चढ़ाई गई। इस दौरान धौन्ध पंचायत के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पंचायत की सुख-शांति की कामना की।



कांवड़ियों के स्वागत में बाड़ी बस्ती से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यात्रियों को माला-साफा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा नाश्ता, भोजन, पानी, जूते-चप्पल और मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्वागत में टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर दीक्षित, पार्षद बनवारी लाल, पार्षद संगीत शर्मा, पार्षद राजकुमार भारद्वाज, समाजसेवी कान्हा शर्मा, धनंजय शर्मा, मोहित शर्मा, कांग्रेस नेता आर्यन, समाजसेवी नवीन शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। गांव खिदरपुर से अमित शर्मा और गांव रामबक्सपुरा सहित बड़ी संख्या में भक्त कांवड़ लेने पहुंचे।

## पसुन्द से सवाईभोज मंदिर तक पैदल यात्रा में भक्तों का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** भगवान देवनारायण जी के लीलाधर घोड़े की 1114वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पसुन्द से सवाईभोज मंदिर तक पैदल यात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत देवपुरा चौराहे पर समाजसेवी देवीलाल प्रजापत व उनकी टीम ने किया। इस अवसर पर फलाहार वितरण कर यात्रियों की मंगलकामनाएं दी गईं।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मान सिंह बाहरठ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यह भक्तिमय यात्रा पिछले सात वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही है।

यात्रा के संचालन और व्यवस्थाओं में समाजसेवी कैलाश गुर्जर, सोहन गुर्जर, सुरेश गुर्जर, वेजराम गुर्जर सहित पूरी टीम सक्रिय रही।

कार्यक्रम में भाजपा नेता सुरेश जोशी, नर्मदा शंकर पालीवाल, भेरूलाल नंदवाना, जगदीश प्रजापत, डालचंद गायरी, सुरेश सोनी, राजकुमार पालीवाल, कमलेश पालीवाल, हितेश दवे, जमना शंकर, गोविंद प्रजापत, पारस नकुम सहित अनेक कार्यकर्ता व युवा उपस्थित रहे।



## लालोनी चौराहे पर फायरिंग:रास्ते के विवाद में चचेरे भाई को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र में रास्ते को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को फायरिंग तक पहुंच गया। लालोनी चौराहे पर एक पक्ष ने दो चचेरे भाइयों पर हमला कर गोली चला दी। फायरिंग में दीपू नामक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सतवीर अपने चचेरे भाई दीपू के साथ सैपऊ से गांव लौट रहा था।

इसी दौरान लालोनी चौराहे पर विरोधी पक्ष ने दोनों को घेर लिया और गोली चला दी। हमले में दीपू को गोली लग गई, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल दीपू को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

बताया गया कि यह विवाद रास्ते को लेकर पहले से चल रहा था और दोनों पक्षों में कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी ।



# सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग पर पूर्ण प्रतिबंध

## निर्माण करने वाले ईकाइयों व उद्योगों की सूचना दें, पुरस्कार पाएं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा देशभर में चिन्हित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इनमें प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स, गुब्बारों की प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झंडे, कैंडी और आइसक्रीम की प्लास्टिक स्टिक, थर्माकोल (पॉलीस्टाइरीन) से बनी सजावटी सामग्री, डिस्पोजेबल प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ एवं ट्रे जैसे कटलरी आइटम शामिल हैं। इसी प्रकार मिठाई के डिब्बों के चारों ओर लपेटने वाली प्लास्टिक फिल्म, आमंत्रण पत्रों और सिगरेट पैकेट पर चढ़ाई जाने वाली प्लास्टिक शीट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक अथवा पीवीसी बैनर तथा पेय पदार्थों को हिलाने के लिए प्रयुक्त प्लास्टिक स्टिरर भी प्रतिबंधित हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण मंडल बोर्ड ने बताया कि इस प्रतिबंध के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार योजना लागू की है। पूर्व में इस योजना के अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग अथवा सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण करने वाले इकाइयों व उद्योगों की सूचना देने पर 5 हजार रुपये का पुरस्कार निर्धारित था। अब मंडल द्वारा इस योजना में संशोधन करते हुए पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दिया गया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग अथवा सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण करने वाली किसी इकाई की विश्वसनीय सूचना देने पर सूचना दाता को 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल आमजन से अपील करता है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग न करें और यदि कहीं इनके निर्माण की जानकारी हो तो इसकी सूचना क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, कोटा को व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल पर सूचित करे।

# पर्युषण महापर्व के छठे दिन हुआ कल्पसूत्र वाचन व नवपद जी पूजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा,( नि.स. )।** पुराना बाजार स्थित जैन श्वेतांबर श्री सुविधिनाथ मंदिर में चल रहे प्रवधिराज पर्युषण महापर्व के छठे दिन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वध्यायी बहनों ने *कल्पसूत्र वाचन किया, जिसमें गौतम स्वामी जी को केवलज्ञान कैसे प्राप्त हुआ, इसका विस्तार से वर्णन श्रावक-श्राविकाओं को सुनाया गया। इंदौर से पधारी चित्रा सकलेचा और प्रेमलता लालन ने श्रीसंघ के साथ धर्म आराधना एवं पूजन करवाया। सर्वप्रथम पक्षाल, अभिषेक और नव अंगों की पूजन के साथ स्नात्र पूजन कराया गया। श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष अरविन्द सांकला ने बताया कि आज के स्नात्र पूजन के लाभार्थी संजय गोठी, अनिल गोठी, जितेंद्र गोठी, कमलेश, संदीप गोठी, धीरज गोठी परिवार* रहे। समाज के सचिव जितेंद्र गोठी और कोषाध्यक्ष राकेश हिंगड़ ने जानकारी दी कि स्वध्यायी बहनों द्वारा भव्य नवपद जी पूजन कराया गया, जिसके लाभार्थी अरविन्द कुमार, ललित कुमार, योगेंद्र कुमार सांकला परिवार* रहे। पूजन पूर्ण होने के बाद संकला परिवार द्वारा पधारे सभी श्रद्धालुओं को प्रभावना दी गई।

इसके बाद मूलनायक श्री सुविधिनाथ भगवान, सुप्रश्वनाथ भगवान, पार्श्वनाथ भगवान, आदिनाथ भगवान, गौतम स्वामी जी, दादा गुरुदेव जी और नाकोड़ा भैरवनाथ जी की आंगी रचना की गई। इस आयोजन में प्रतिभा गोठी, प्रेरणा जैन, सिद्धिका तिल्लानी, तीर्थ जैन, तनिष्का गोठी* ने सहयोग दिया। वहीं रंगोली सज्जा तनिष्का गोठी और सिद्धिका तिल्लानी द्वारा की गई ।आज भगवान जी की आंगी का लाभ *निर्मल जैन एवं राहुल जैन परिवार ने लिया। आयोजन का समापन रात्रि आरती और प्रभु भक्ति के साथ हुआ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री- काउंसलिंग कैंप आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी ( अब्दुल सलीम मंसूरी )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार दिनांक 13/09/2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके सफल क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु डोर स्टेप प्री- काउंसलिंग का आयोजन न्यायालय परिसर भवानीमंडी किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार दिनांक 25/08/ 2025 को अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति भवानी मंडी गौरव शर्मा ( एडीजे) के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर भवानी मंडी में प्री-काउंसलिंग कैंप आयोजित किया गया। उक्त कैंप में काउंसलर पैनल लायर विकासचंद पाटीदार द्वारा सिविल, 138 एन आई एक्ट, वैवाहिक विवाद एवं राजीनामा योग्य चिन्हित प्रकरणों में पक्षकारान के मध्य प्री काउंसलिंग करवाई गई व प्रकरणों का निस्तारण करने के प्रयास किए गए। उक्त कैंप के साथ साथ चिकित्सा विभाग द्वारा भी शिविर आयोजित कर आमजन को मौके पर लाभान्वित किया गया। राहुल मेघवाल डीईओ, महादेव मेघवाल जीएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवानी मंडी से उपस्थित रहे । कृषि विभाग से मांगीलाल सैनी, ऋषिकेश व बजरंग द्वारा कृषि से संबंधित जानकारी दी गई। पंचायत समिति भवानी मंडी से महेश सोनी और सुरेंद्र कुमार द्वारा भी इस कैंप में पेंशन, आवास, जन्म- मृत्यु पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई। उक्त जानकारी कनिष्ठ लिपिक राकेश द्वारा दी गई।

# कोटा के 1583 वरिष्ठजनों का निशुल्क तीर्थ यात्रा में चयन

## 170 नागरिक प्लेन से जाएंगे पशुपतिनाथ मंदिर, 1413 ट्रेन में करेंगे सफर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी आस्था, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़े रखने के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अंतर्गत कोटा जिले की लॉटरी प्रक्रिया सोमवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

### जिले से प्राप्त आवेदन व चयन

कोटा जिले से इस योजना के अंतर्गत कुल 10,375 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लॉटरी द्वारा 1,583 वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया। इनमें से 1,413 वरिष्ठजन रेल यात्रा तथा 170 वरिष्ठजन हवाई यात्रा के लिए चयनित हुए हैं।

### लॉटरी समिति की उपस्थिति

लॉटरी समिति में जिला कलक्टर पीयूष समारिया के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नगर, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विकास पंड्या, एडिशनल एसपी नीयति शर्मा, एडिशनल एसपी रामकल्याण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त के.के. खंडेलवाल, निरीक्षक बृजेश कुमार एवं डीओआईटी से एसीपी आरती भी उपस्थित रहीं।

### यात्रा गंतव्य

रेल द्वारा यात्राओं में हरिद्वार - ऋषिकेश - अयोध्या - वाराणसी - सारनाथ, मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारिकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरुपति, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम, वैष्णोदेवी, महाकालेश्वर उज्जैन-औंकारेश्वर सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थल सम्मिलित हैं। वहीं हवाई यात्रा के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे।



**कलक्टर ने दी चयनित वरिष्ठजनों को शुभकामनाएं**-जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों की आस्था और सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध है। इस योजना के माध्यम से वरिष्ठ जनों को न केवल धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिलेगा बल्कि यह यात्रा उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और मानसिक शांति भी प्रदान करेगी। उन्होंने सभी चयनित आवेदकों को शुभकामनाएं दी।

मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट खैराबादधाम की बैठक संपन्न

# ट्रस्ट के निर्वाचित अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोड़िया के नेतृत्व में सामाजिक कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान।

**रामगंजमंडी,( नि.स. )।** अखिल भारतीय मेडतवाल समाज के निर्वाचित ट्रस्ट की बैठक सोमवार को श्री फलौदी माताजी मंदिर, खैराबाद पर अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोड़िया ब्यावरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

ट्रस्ट के महामंत्री पुरूषोत्तम घाटिया ने बताया कि गत 10 अगस्त को समाज के वंशानुगत पूर्व अध्यक्ष सेठ माणकचन्द आचोलिया का स्वर्गवास होने पर 21 अगस्त को उनके द्वादशा कार्यक्रम में झालरापाटन में पगड़ी दस्तूर रस्म हुई जिसमें उनके रिश्तेदार एवं परिजन मौजूद रहे। लेकिन कुछ तत्वों ने स्व.माणकचन्द आचोलिया के ज्येष्ठ पुत्र घनश्याम आचोलिया को समाज का वंशानुगत अध्यक्ष मनोनीत करने का भ्रामक समाचार सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। जिसका समाज द्वारा निर्वाचित सभी ट्रस्टियों ने खंडन करने हुये इसका कडा विरोध किया। निर्वाचित ट्रस्टियों ने सर्वसम्मति से कहा कि सम्पूर्ण मेडतवाल समाज ने सेठ मोहनदास करोड़िया ब्यावरा को ट्रस्ट का अध्यक्ष निर्वाचित किया है। इसलिये समाज द्वारा भविष्य में वंशानुगत अध्यक्ष मनोनीत करने की परंपरा समाप्त कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष फरवरी माह में देवस्थान विभाग के दिशा-निर्देशानुसार अ.भा. मेडतवाल वैश्य समाज के दस घर चुल्हा भेंट धारक परिवारों की खैराबाद में सामूहिक बैठक हुई थी जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा लोकतांत्रिक ढंग से ट्रस्ट के चुनाव सम्पन्न हुए थे। जिसमें सेठ मोहनदास करोड़िया ब्यावरा अध्यक्ष, पुरूषोत्तम घाटिया बकानी महामंत्री, कैलाशचंद दलाल कोटा कोषाध्यक्ष सहित कुल 21 ट्रस्टी निर्वाचित घोषित किये गये थे। इन निर्वाचित 21 ट्रस्टीगणों को देवस्थान विभाग द्वारा प्रपत्र-4 में दर्ज कर वैधानिक मान्यता भी प्रदान कर दी गई है। बैठक में समाज के आगामी अन्नकूट महोत्सव एवं बसंत पंचमी उत्सव पर ज्यादा से ज्यादा कुपन वितरण करने, जरूरतमंद युवाओं को शिक्षा ऋण, विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। अंत में समाज के पूर्व वंशानुगत अध्यक्ष सेठ माणकचन्द आचोलिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### ये रहे ट्रस्ट की बैठक में मौजूद

ट्रस्ट की बैठक में अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोड़िया, महामंत्री पुरूषोत्तम घाटिया, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद दलाल सहित सभी निर्वाचित ट्रस्टियों के अलावा मंदिर समिति के महामंत्री विष्णु प्रसाद करोड़िया,मण्डावर, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र फोफलिया सुनेल, उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद करोड़िया खरा सोना इन्दौर, पूर्व महामंत्री गोपालचंद्र गुप्ता बारवां वाले भोपाल, पूर्व महामंत्री घनश्याम मोड़ीवाल मोड़क,एडवोकेट शिवनारायण कपास्या,राजेंद्र प्रसाद गुप्ता पनवाड,, कर सलाहकार दिनेशचंद गुप्ता, सीए योगेन्द्र गुप्ता,कोटा, विधि सलाहकार एडवोकेट चन्दन गुप्ता रामगंजमंडी, मूलचंद गुप्ता झालावाड़ मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 की निकाली लाटरी

## जिले से 1,583 चयनित श्रद्धालुओ मे से 170 को मिला हवाई टिकिट



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी आस्था, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़े रखने के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अंतर्गत कोटा जिले की लॉटरी प्रक्रिया सोमवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

### जिले से प्राप्त आवेदन व चयन

कोटा जिले से इस योजना के अंतर्गत कुल 10,375 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लॉटरी द्वारा 1,583 वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया। इनमें से 1,413 वरिष्ठजन रेल यात्रा तथा 170 वरिष्ठजन हवाई यात्रा के लिए चयनित हुए हैं।

### लॉटरी समिति की उपस्थिति

लॉटरी समिति में जिला कलक्टर पीयूष समारिया के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नगर, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विकास पंड्या, एडिशनल एसपी नीयति शर्मा, एडिशनल एसपी राम कल्याण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त के.के. खंडेलवाल, निरीक्षक बृजेश कुमार एवं डीओआईटी से उपनिदेशक आरती भी उपस्थित रहीं।

# केशवपुरा मुक्तिधाम में 15 फीट उंची चारदीवारी का निर्माण शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** नए शहर की एक दर्जन से अधिक आवासीय कॉलोनियों के सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं की मांग पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के निर्देश से केशवपुरा मुक्तिधाम का 2.45 करोड़ रू. की लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है।

बसंत विहार वार्ड-63 के भाजपा पार्षद पीडी गुप्ता ने बताया कि नाले के पास होने से इस मुक्तिधाम की चारदीवारी को उंचा करने एवं नवीनीकरण कराने के लिये क्षेत्र के नागरिकों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से आग्रह किया था।

उनके निर्देश पर नगर निगम कोटा दक्षिण ने इसकी चारदीवारी के लिये 15 फीट उंचा निर्माण करने के लिये 1.45 करोड़ रू एवं मुक्तिधाम में एक ओर नया शेड लगाने, चारों ओर पाथ वे बनाने, बैठने का शेड व टाइल्स लगाकर इसका नवीनीकरण करने के लिये एक करोड़ रू का बजट मंजूर किया है, जिससे इस मुक्तिधाम को जनहित में सुविधाजनक बनाया जा रहा है। इसके बाहर लगी लकडी की टाल को भीतर शेड में शिफ्ट करके मुख्य मार्ग पर नाले किनारे पार्किंग स्थल बनाया गया है। मुक्तिधाम के एक छोर पर नाला होने से आरसीसी की 15 फीट उंची चारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे मुक्तिधाम पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।



# आचार्य शांतिसागर महाराज का 70वां समाधि दिवस श्रद्धा से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर देवपुरा में आचार्य 108 शांतिसागर महाराज का 70वां समाधि दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुनि वैराग्य सागर महाराज और मुनि सुप्रभ सागर महाराज के सान्निध्य में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य शांतिसागर महाराज 20वीं सदी के प्रथमाचार्य और चरित्र चक्रवर्ती थे। उन्होंने ही दिगंबर जैन मुनि परंपरा को पुनर्जीवित किया। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में संलेखना व्रत धारण करने से पूर्व दिए गए 22 मिनट के उपदेश में उन्होंने कहा था कि आत्मचिंतन और संयम ही मुक्ति का मार्ग है।

मुनि वैराग्य सागर महाराज ने कहा कि आठ सौ वर्षों के अंतराल के बाद वर्ष 1920 में आचार्य शांतिसागर महाराज के रूप में दिगंबर मुनि का दर्शन हुआ। आज लगभग 1800 दिगंबर मुनि उन्हीं की परंपरा का पालन करते हुए जैन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आत्मकल्याण की भावना से त्याग और संयम धारण करने वाला साधक देवगति को प्राप्त करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य शांतिसागर महाराज की चरण पादुका बनाकर उन पर शांतिधारा से हुई। शांतिधारा का सौभाग्य सागरचंद, सुनील जैन, भानु जैन, मोहित कुमार हरसोरा (झुंवासा) परिवार को मिला। इसके बाद भक्तों ने अर्घ्य अर्पित कर संगीतमय पूजन किया।

मंदिर कमेटी के महामंत्री ओमप्रकाश ठग ने बताया कि इस अवसर पर देवपुरा पाठशाला के बालक-बालिकाओं ने आचार्य शांतिसागर महाराज के चित्र का अनावरण किया। दीप प्रज्वलन संभवनाथ बालिका मंडल द्वारा किया गया। संगीतकार शुभम जैन ने भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी धार्मिक क्रियाओं का संचालन ब्र. मनीष भैया ने किया।



# कोटा के युवा डॉ नयन प्रकाश गांधी हुए भारत युवा सम्मान से सम्मानित

## बीस से अधिक राज्यों और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गांधी हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** हाल ही में रविवार को भारत की राजधानी नई दिल्ली के ली मेरिडियन भव्य सभागार हाल में भारत सरकार के सतत् विकास ,डिजिटल इंडिया मिशन पर संलग्न वैश्विक उत्कृष्टता मंच (ग्लोबल एक्सीलेंस फोरम) द्वारा सतत् विकास के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन आत्मनिर्भर भारत जैसे कई मुद्दों पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त किए गए ,इस भव्य मंच पर अर्बन सस्टेनेबल डेवलपमेंट क्षेत्र में बेहतरीन रिसर्च कार्य करने हेतु कोटा शिक्षा नगरी से डॉ नयन प्रकाश गांधी को भारत सेवा सम्मान -2025 प्रशस्ति प्रमाण पत्र ,शिल्ड मोमेंटो से सम्मानित किया। कांफ्रेंस सेक्रेट्री वंदना ने बताया कि गांधी को यह सम्मान कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि माननीय न्यातो दुकम कैबिनेट मंत्री कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अरुणाचल प्रदेश ,चेयरमैन स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी डॉ तागे ताकी एवं काउंसिल मेंबर ऑफ आईआईटी एवं पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ऑन कम्युनिकेशन एंड आईटी एवं जाजपुर सांसद डॉ रवींद्र नारायण बेहरा ,कोमोरोस गणराज्य महावाणिज्यदूत केएल गंजू ,डॉ संदीप मारवाह ,डीसीपी आईपीएस जितेंद्र मणि ,पूर्व आईजीपी गिरीश चावला ,डॉ एन.डी.माथुर वाइस चांसलर विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर, जीईएफ चेयरमैन डॉ नईम त्रिमिजी,गौरव गुप्ता ,जितेंद्र कुमार आदि के कर कमलों गरिमामय उपस्थिति में मिला। कार्यक्रम में बीस से अधिक राज्यों के प्रतिनिधि ने सहभागिता दी एवं कार्यशाला में विभिन्न राज्यों की संस्कृति के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां और सतत विकास के विभिन्न बिंदुओं पर भी व्यक्तव्य दिया गया ,गांधी पिछले एक दशक से ज्यादा समय से सतत् विकास के विभिन्न लक्ष्यों अर्बन शहरी प्रबंधन ,युवा स्किलिंग अप स्किलिंग मार्गदर्शन, युवा स्टार्टअप विकास ,ग्रामीण शहरी विकास पब्लिक पॉलिसी लेखन ,युवा आत्महत्या बचाव ,डिजिटल एडवोकेसी अभियान आदि पर कार्य कर रहे है । गांधी को जिला ,राज्य एवं राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय मंच पर देश विदेशों में सम्मानित किया जा चुका है और कई बार राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय सतत विकास कार्यशाला मंच पर कोटा शिक्षा नगरी एवं राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुके है ।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# किसानों पर आंच नहीं आने देंगे : मोदी

## कितना भी दबाव आए, झेलने की ताकत बढ़ाते रहेंगे; 2 दिन बाद लगेगा 25% एक्स्ट्रा टैरिफ

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा, मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, या पशुपालक हों, सभी के लिए, मैं आपसे बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने ट्रम्प के टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे। अमेरिका भारत पर 27 अगस्त से 50% टैरिफ लगा रहा है। उन्होंने अपनी स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, कांग्रेस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया। गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम-इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है।

### पीएम 2 दिन के गुजरात दौरे पर

पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

### पीएम मोदी के संबोधन की 5 बड़ी बातें...

**गुजरात की धरती पर दो मोहन:** गुजरात की ये धरती, दो मोहन की धरती है। एक सुदर्शन चक्रधारी मोहन यानी हमारे द्वारकाधीश श्रीकृष्ण। दूसरे चरखाधारी मोहन यानी साबरमती के संत पूज्य बापू। भारत आज सुदर्शन चक्रधारी मोहन और चरखाधारी मोहन के दिखाए



### दुनिया ने पहलगाम हमले का बदला देखा

पहले आतंकी हमारा खून बहाते थे और दिल्ली में बैठी कांग्रेस सरकार कुछ नहीं करती थी। लेकिन आज आतंकवादियों और उनके आकाओं को हम छोड़ते नहीं, चाहे वो कहीं भी छुपे हों। दुनिया ने देखा है कि पहलगाम का बदला भारत ने कैसे लिया है। 22 मिनट ही सबकुछ साफ। ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना के शौर्य और सुदर्शन चक्रधारी मोहन के भारत की इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गया है।

### मेरे लिए किसान-पशुपालक सर्वोपरि

मैं अहमदाबाद की इस धरती से अपने लघु उद्यमियों, दुकानदारों और किसानों-पशुपालकों से कहूंगा। मैं हर किसी के लिए बार-बार वादा करता हूं कि मोदी के लिए आपका हित सर्वोपरि है। मेरी सरकार लघु उद्यमियों का, किसानों का, पशुपालकों का कभी भी अहित नहीं होने देगी।

**गुजरात मैन्युफैक्चरिंग हब बना:** आज हर प्रकार की इंडस्ट्री का यहां विस्तार गुजरात की धरती पर हो रहा है। पूरा गुजरात ये देखकर गर्व करता है कि कैसे हमारा राज्य मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां फैक्ट्रियां लगा रही हैं। अब इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग का भी गुजरात बहुत बड़ा सेंटर बन रहा है।

**जीएसटी रिफॉर्म से दीवाली पर डबल बोनस मिलेगा:** अब हमारी सरकार त्रस्ज्ञ में भी रिफॉर्म करने जा रही है। इस बार की दिवाली पर व्यापारी वर्ग हो या फिर हमारे बाकी परिवारजन सबको खुशियों का डबल बोनस मिलेगा।

# महिला सांसद को भाजपा की बैठक में जाने से रोका

## जबलपुर में पुलिस और सुमित्रा बाल्मिक में बहस; जेपी नड्डा बैठक में मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**जबलपुर।** जबलपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में शामिल होने जा रहीं राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक को पुलिस ने बाहर रोक दिया। इस पर पुलिस से उनकी बहस हो गई। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने सांसद के साथ धक्का-मुक्की भी की। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तो सीनियर नेताओं ने दखल दिया, जिसके बाद सांसद को अंदर जाने दिया गया। नड्डा जबलपुर में संभागीय स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं। सांसद सुमित्रा बाल्मिक ने कहा कि मेरा चश्मा टूट गया। मेरे कार्यकर्ता इतने उत्साहित थे। सुरक्षा की दृष्टि से जो गेट पर खड़े हुए थे, उनकी अपनी ड्यूटी है। वो अपनी ड्यूटी करेंगे, लेकिन हमारे जो राष्ट्रीय अध्यक्ष आए हैं, उनके साथ सबको फोटो लेना है, सेल्फी लेना है। पीछे भीड़ आई तो मेरे साथ विधायक और अन्य लोग थे।

हमने सुरक्षा गार्ड को बोला कि हमें चले जाने दो, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने पूरा गेट बंद कर दिया था। उनका हाथ लगा तो मेरा चश्मा टूट गया। चश्मा गिरने से मुझे भी समझ नहीं आया कि अंदर जाऊं या बाहर जाऊं। इसलिए थोड़ी गहमा-गहमी हो गई। दो साल पहले 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जबलपुर में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम हुआ था। मंच पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक को जगह नहीं मिली थी। उन्हें पीछे बैठाया गया था। इससे वे नाराज हो गई थीं। उन्होंने इसके लिए जबलपुर कलेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए।

सांसद के अपमान पर उनके समर्थकों ने कलेक्टर का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया था। सांसद ने तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान और तत्कालीन क्ष्छ्क प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा से भी शिकायत की थी।

# सीईटी एग्जाम पर हरियाणा विधानसभा में हंगामा

## सीएम सैनी बोले- 2 दिन में करेक्शन पोर्टल खोलेंगे; हुड्डा ने कहा- ये पोर्टल-वोर्टल का खेल छोड़ो

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के एग्जाम पर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने गड़बड़ी और पेपर के लेवल पर सवाल उठाए। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मैंने यूट्यूब पर वीडियोज देखी थीं, कहीं भी दिक्कत सामने नहीं आई। 2 दिन में करेक्शन पोर्टल खुलेगा। सदन में हरियाणा विधानसभा सदस्य (वेतन, भत्ते एवं पेंशन सदस्य) संशोधन विधेयक, 2025 पारित किया गया। इसके तहत पूर्व विधायकों को 10 हजार रुपए का मेडिकल अलाउंस मिलेगा। यह फैसला छोटे मेडिकल बिलों के लिए किया गया है। सीएम सैनी ने यह भी ऐलान किया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में जान गंवाने वाले 121 लोगों के परिवारों के सदस्यों को हरियाणा सरकार में उनकी सहमति से प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा, सदन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा आमने-सामने हो गए। मंत्री श्रुति चौधरी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं समस्याओं का समाधान कर दूंगी। तभी हुड्डा खड़े हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कहा कि तुम ये पोर्टल-वोर्टल का खेल छोड़ दो।

### कांग्रेस विधायक बोले- सीईटी में दिक्कतें आईं, सीएम का जवाब- समाधान किया

कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने सदन में सीईटी एग्जाम को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि सरकार सीईटी एग्जाम में अनियमितताओं और पेपर लेवल में असमानता से संबंधित सवालों पर जवाब दें। इस पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जब कोई प्रतियोगी परीक्षा कई सत्रों में कराई जाती है तो बहुत दिक्कत आती है। पहले दिन कुछ जगह बायोमेट्रिक मशीन की दिक्कत आई, लेकिन परीक्षा से पहले उनका समाधान करा दिया गया। सीएम ने आगे कहा कि मैंने एग्जाम के दिन कई यूट्यूबर्स को देखा, लेकिन एक भी बच्चे ने एग्जाम को लेकर कोई भी दिक्कत न होने की बात कही। एक-दो दिन में करेक्शन पोर्टल खोला जाएगा। इसके बाद कांग्रेस ने हंगामा शुरू कर दिया।

# 7 जिलों के स्कूलों में छुट्टी, यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं स्थगित

## उदयपुर में मकान गिरा, एक की मौत, सिरोही में कार बही; कल 11 जिलों में अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भारी बरसात ने आमजन, किसानों के साथ-साथ प्रशासन की मुसीबत बढ़ा दी है। भारी बरसात से प्रदेश में कई इलाके जलमग्न हो गए। कई शहरों, गांवों और कस्बों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। उदयपुर में मकान गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोटा यूनिवर्सिटी ने 26 अगस्त को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी। 7 जिलों में मंगलवार की स्कूलों में छुट्टी रहेगी। मौसम विभाग ने राज्य में अगले 2-3 दिन कुछ ही जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार को जालोर, सिरोही, उदयपुर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, बाड़मेर, पाली, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चूरू, झुंझुनूं, अलवर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, भारी बारिश के बाद सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भर गया है। उदयपुर में खेरवाड़ा-झाड़ोल रूट ह॥ 927ए पर सोम नदी का पानी आ गया है। इसकी वजह से रास्ता बंद है। वहीं खेरवाड़ा के अकोट गांव में घर और दुकानें डूब गईं। अंदर जो लोग थे, उनको सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। यहां पर पानी में 2 भैंस बह गईं। सिरोही में शिवगंज-सुमेरपुर के बीच जवाई नदी की रपट पर कार बह गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कार सवार एक महिला और पुरुष को बचाया। दौसा में सिकंदरा चौराहा (ढाबर ढाणी के पास) स्थित जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है।

### सोमवार को यहां हुई बरसात

सीकर, झुंझुनूं, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, चित्तौड़गढ़, दौसा समेत कुछ जिलों में सोमवार को बारिश हुई। बारिश का दौर धीमा पड़ने से कई जिलों में मौसम खुला और धूप निकली। इससे तापमान में बढ़ोतरी हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान सीकर के नीमकाथाना में 54रू रींगस-पलसाना में 31-31, श्रीमाधोपुर में 32 और श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में 25एमएम पानी बरसा। सिरोही के माउंट आबू में 45, पाली में 24, झुंझुनूं के बिसाऊ में 45, हनुमानगढ़ के रावतसर में 28, डूंगरपुर के देवल में 50, डूंगरपुर शहर में 42 और चिकली में 27एमएम बरसात हुई। दौसा के महुवा में 25, चूरू के राजगढ़ में 45, चित्तौड़गढ़ के डूंगला में 48, ब्यावर में 30 और बालोतरा के कल्याणपुर में 25एमएम बारिश दर्ज की गई।



# पाली में नदी में पिकअप बही, पति-पत्नी को बचाया

## बरसाती नाले में डूबते-डूबते बचे कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष; 30एमएम बारिश

पाली में सोमवार को हुई बरसात से एक बाद फिर शहर के हालात खराब कर दिए। शहर की कई प्रमुख सड़कों से लेकर मोहल्लों की सड़कों पर बरसाती पानी भर गया। ऐसे में लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। बरसाती पानी की पुख्ता निकासी नहीं होने पर शहरवासी स्थानीय निकाय अधिकारियों को कोसते रहे।
देर शाम सोजत तहसील के झूपेलाव से चाड़वास गांव जाते समय बरसाती नाले को पार करने के दौरान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चाड़वास की स्कॉर्पियो रपट से उतरकर बहने लगी। देखते ही देखते गाड़ी पलटी खा गई। स्थानीय लोगों ने चाड़वास को सुरक्षित बचा लिया। वहीं ट्रैक्टर के जरिए स्कॉर्पियो गाड़ी को भी बाहर निकाल लिया गया। वहीं सुमेरपुर-शिवगंज नदी की रपट से गिरी जीप में फंसे पति-पत्नी का भी रेस्क्यू किया गया।

**जवाई बांध का गेज भी बढ़ रहा**-इधर, पाली सहित जिले के अधिकतर क्षेत्रों में अच्छी बरसात हुई। जिससे जवाई बांध का गेज भी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में किसानों के चेहरे खुशी से चमके नजर आए। जवाई बांध का गेज भी सोमवार शाम को 49 .10 फीट के पार पहुंच गया। सोमवार को जिले में सबसे ज्यादा पाली शहर में 30 एमएम बरसात हुई।
**सड़कें पानी में डूब गई**-पाली में सोमवार को सुबह, दोपहर और फिर शाम को हुई बरसात से शहर के आदर्श नगर की मुख्य सड़क, लोढ़ा स्कूल रोड, नया गांव पठान कॉलोनी, मंडिया रोड की मुख्य सड़क, वीडी नगर, बालिया स्कूल रोड, नहर पुलिया-अम्बेडकर रोड, पांच मौखा पुलिया, जंगीवाड़ा सहित शहर के कई मोहल्लों की सड़कें बरसाती पानी में डूबी नजर आई। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# भाजपा सांसद बोले- ये भोपाल मुसलमानों का नहीं

## आलोक ने कहा- लव जिहाद बर्दाश्त नहीं करेंगे; कांग्रेस बोली- बीजेपी की सोच देश-विरोधी

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** भोपाल से भाजपा सांसद आलोक शर्मा का एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये भोपाल मुसलमानों का भोपाल नहीं है। ये भोपाल सम्राट अशोक का है। प्रतिहार वंश, चंद्रगुप्त मौर्य, राजा भोज परमार वंश का भोपाल है। यह भोपाल रानी कमलापति का है। आएं और हम सब लोग मिलकर सनातन संस्कृति की रक्षा करते रहें।

सांसद आलोक भोपाल के करोंद में एक मटकी फोड़ कार्यक्रम में पहुंचे थे। इसे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने आयोजित किया था। मंच से लोगों को संबोधित करने के दौरान उन्होंने ये बात कही। कार्यक्रम में आलोक शर्मा ने शारिक मछली से लेकर प्यारे मियां तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लव जिहाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सांसद के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा की सोच देश-विरोधी है।

# बुलंदशहर में सड़क हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत

## कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, गर्भवती पत्नी को पति के मौत की खबर नहीं दी




बढ़ता राजस्थान

बुलंदशहर। यूपी के बुलंदशहर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में मां बेटे सहित 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 3 श्रद्धालुओं का इलाज चल रहा है। बाकी सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

मृतकों में 6 साल बच्चा, 5 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। हादसा रविवार रात 2 बजे नेशनल हाईवे 34 पर अरनिया क्षेत्र के घटाल गांव के पास हुआ। श्रद्धालु कासगंज से जाहरबीर (गोगाजी) के दर्शन के लिए राजस्थान के गोगामेड़ी जा रहे थे।

पुलिस का कहना है कि श्रद्धालुओं ने ट्रॉली को डबल डेकर बना दिया था। ट्रॉली के बीच में लकड़ी लगाकर उसे दो हिस्सों में बांट दिया गया था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग बैठ सकें। मृतक विकास की गर्भवती पत्नी को हादसे के बारे में नहीं बताया गया है।


मुख्यमंत्री ने हादसे में मृतक के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। सभी शवों को पीएम के बाद गांव भेज दिया गया। योगमार्ग पर रफातपुर गांव के रहने वाले 5 लोगों का अंतिम संस्कार भी शाम को कर दिया गया।

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम श्रुति और स्स्क दिनेश कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। स्स्क ने बताया- 10 घायलों को बुलंदशहर जिला अस्पताल में और 23 को खुर्जा अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# जैसलमेर में डायनासोर से भी पुराना जीवाश्म मिला

## वैज्ञानिकों का दावा- कंकाल 20 करोड़ साल पुराना





बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** जैसलमेर के मेघा गांव में जुरासिक काल के फाइटोसौर प्रजाति का जीवाश्म (फॉसिल) मिला है। वैज्ञानिका का दावा है कि यह जीवाश्म करीब 20 करोड़ साल पुराना है। उन्होंने इसे देश में जुरासिक काल की चट्टानों से फाइटोसौर जीवाश्म की पहली खोज बताया है। कंकाल जहां मिला है, उस क्षेत्र को संरक्षित दायरे में लिया गया है। अब कंकाल की पूरी खोज जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया करेगा। वरिष्ठ भूविज्ञानी डॉ. नारायण दास इणखिया की मौजूदगी में जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी (जेएनवीयू), जोधपुर के भूविज्ञान विभाग के पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संकाय के डीन डॉ. वीएस. परिहार के नेतृत्व में एक टीम फिलहाल फॉसिल को लेकर अध्ययन कर रही है। डॉ. वीएस परिहार ने बताया- यह जीवाश्म डायनासोर की फाइटोसौर प्रजाति का लेट ट्राइऐसिक व अर्ली जुरासिक काल का है। इसका मतलब यह डायनासोर से भी पुराना है। मगरमच्छ की आकृति के सरीसृप का फॉसिल है। इसकी लंबाई करीब 2 मीटर है।

**201 मिलियन साल पुराना**-जैसलमेर के फतेहगढ़ उपखंड के मेघा गांव के ग्रामीणों ने 21 अगस्त को इस कंकाल की जानकारी प्रशासन को दी थी। जिले के वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक डॉ एनडी इणखिया मौके पर पहुंचे और रिसर्च शुरू की। उन्होंने ये जुरासिक काल का फॉसिल होने की बात कही। इसके बाद विशेषज्ञ के रूप मे डॉ. परिहार ने निरीक्षण कर फॉसिल की पुष्टि की। डॉ. परिहार ने इसे 201 मिलियन वर्ष (करीब 20 करोड़ साल) पुराना घने जंगलों में पाए जाने वाले वृक्ष छिपकली (फाइटोसौर) मगरमच्छ प्रजाति का जीवाश्म बताया। इसकी लंबाई 1.5 से 2 मीटर है। रिसर्च में सामने आया कि फाइटोसौर (वृक्ष छिपकली) एक प्राचीन सरीसृप है, जो नदियों के पास जंगलों में रहता था।

### डायनासोर से भी पुराना है जीव

ट्राइऐसिक पीरियड 251.9 से 201.4 मिलियन वर्ष पहले तक चला था। यह पीरियड पर्मियन- ट्राइऐसिक विलुप्ति के बाद शुरू हुआ। इसमें धरती पर जीवन की भारी क्षति हुई थी। इसी दौर में डायनासोर, कछुए, छिपकली समेत विभिन्न स्तनधारी जीव पैदा हुए थे। इस दौर में पेंजिया नामक एक ही महाद्वीप था, और विभिन्न प्रकार के जीव, विशेष रूप से सरीसृपों की उत्पत्ति हुई थी।

### चारों तरफ तारबंदी कर संरक्षण किया

फिलहाल मेघा गांव के तालाब के पास मिले इस कंकाल के चारों तरफ तारबंदी कर इसे सुरक्षित किया गया है। डॉ. नारायण दास इणखिया ने बताया- अब इस जगह को संरक्षित करके इस कंकाल की पूरी खोज जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया करेगा। ये बहुत बड़ी खोज है, जिसमें एक पूरा कंकाल हमें मिला है। अब खुदाई होगी और फिर कंकाल पर रिसर्च होगा। इसके साथ कुछ और जीव भी मिल सकते है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )